दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
वर्ष : 15 | अंक : 335 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00 | जयपुर | बुधवार, 08 अक्टूबर 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष द्वितिया संवत् - 2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in · badhatarajasthan@yahoo.com · badhatarajasthan.dainik · badtarajasthan

एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में भीषण आग

# जयपुर-अजमेर हाईवे पर मोजमाबाद के पास धमाकों से दहला इलाका, हाईवे जाम

## ड्राइवर-खलासी की मौके पर ही मौत, कई किलोमीटर तक गूंजी धमाकों की आवाज



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/मोजमाबाद (बाबू अंसारी)।** जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे पर मंगलवार रात करीब 10 बजे एक बड़ा हादसा हो गया। मोजमाबाद थाना क्षेत्र के सावरदा पुलिया के पास एलपीजी सिलेंडरों से भरा ट्रक अचानक पलट गया और देखते ही देखते उसमें भीषण आग लग गई। 10 किमी दूर से आग की लपटें दिखाई दे रही हैं और धमाके सुनाई दे रहे हैं। पुलिस अधिकारी दीपक खंडेलवाल मौके पर पहुंचे और दोनों तरफ का ट्रैफिक रोक दिया है। हादसे के बाद करीब 7 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने नासनोदा से मौजमाबाद होते हुए दूदू के लिए रूट डायवर्ट किया है। हादसा रात करीब 10 बजे जयपुर-अजमेर हाईवे पर दूदू के मौजमाबाद के पास हादसा हुआ। सावरदा-गिडानी के बीच बालाजी धर्मकांटा के पास एलपीजी गैस सिलेंडर से भरा ट्रक खड़ा था। तभी अवैध रूप से बने कट से टर्न लेते हुए पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे दूध से भरे टैंकर ने एलपीजी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेजी थी कि एलपीजी गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पलट गया और उसमें आग लग गई। घटनास्थल से 500 मीटर दूर पेट्रोलपंप है।

घटना में दो की मौत होने की पुष्टी हुई है

10 किमी दूर से आग की लपटें दिखाई दी

घटनास्थल से 500 मीटर दूर पेट्रोलपंप

### ड्राइवर और खलासी की मौके पर ही मौत

भीषण आग में ट्रक चालक और खलासी की जलकर मौत हो गई। दोनों के शव बुरी तरह झुलस गए हैं, जिनकी पहचान देर रात तक नहीं हो सकी थी।

### हाइवे के दोनों तरफ कई किलोमीटर का लगा जाम

तेज धमाकों के चलते हाइवे के दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। घटनास्थल पर मोखमपुरा पुलिस और अग्निशमन दल मौजूद हैं, और आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक को रोक दिया गया है।

### 20 से अधिक गाड़ियां आई चपेट में

थानाधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि 20 से ज्यादा गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन अन्य वाहनों को तुरंत दूर कर लिया गया। पुलिस टीमों ने तुरंत हाइवे पर मोर्चा संभालकर दोनों तरफ का करीब एक किलोमीटर दूर से ही ट्रैफिक को रोक दिया गया था।



हादसे में घायल युवक को एम्बुलेंस से हॉस्पिटल ले जाते लोग।

### धमाकों से दहला इलाका

आग लगते ही ट्रक में रखे सिलेंडर एक के बाद एक फटने लगे। धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। लोग घरों से बाहर निकलकर खुले मैदानों में भागे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले ट्रक से धुआं उठा और कुछ ही देर में लपटों ने पूरे वाहन को घेर लिया।

### दमकल और पुलिस टीम मौके पर

सूचना मिलते ही मोजमाबाद थाना पुलिस, दमकलकर्मी और आपदा प्रबंधन की टीमें मौके पर पहुंचीं। लगातार हो रहे सिलेंडर विस्फोटों के कारण आग पर काबू पाने में भारी दिक्कत आ रही है। सुरक्षा के चलते जयपुर-अजमेर हाईवे को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया है।

### आसपास के इलाके खाली करवाए गए

प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के गांवों को खाली करवा दिया है। लगातार धमाकों के चलते राहत और बचाव कार्यों में देरी हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक ट्रक में गैस का दबाव पूरी तरह खत्म नहीं होता, आग पर काबू पाना बेहद जोखिम भरा रहेगा।

# भूस्खलन की चपेट में आई बस, 18 लोगों की मौत



बढ़ता राजस्थान

**बिलासपुर।** इस वक्त की बड़ी खबर हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले से सामने आ रही है। यहां झंडुता इलाके में भूस्खलन हो गया है। हैरानी की बात ये है कि चलती बस के ऊपर मलबा गिर गया है। भूस्खलन की चपेट में आने से बस में सवार यात्री भी उसकी चपेट में आ गए हैं। जानकारी के मुताबिक बस में 30 लोग सवार थे। फिलहाल 18 लोगों की मौत की सूचना सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक मरोतन से घुमारवीं जा रही संतोषी निजी बस पर बरठीं में भल्लू पुल के पास पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा गिर गया। मलबा गिरने से बस की छत उड़कर खड्ड के किनारे जा पहुंची। वहीं सारा मलबा बस पर आ गया। जिससे बस पूरी तरह मलबे की चपेट में आ गई। बस में 30 लोग सवार बताए जा रहे थे। प्रदेश में बीते तीन दिनों से बारिश हो रही थी।



### बस के ऊपर से मलबा हटाने के लिए जेसीबी मौके पर

मुख्यमंत्री निरंतर जिला प्रशासन के संपर्क में हैं और उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि घायलों को तुरंत उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया जाए और उनके इलाज की पूरी व्यवस्था की जाए. मुख्यमंत्री शिमला से पूरे हालात की लगातार निगरानी कर रहे हैं.

### मौके पर अफरातफरी का माहौल

घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया. इस दौरान लोगों की काफी ज्यादा भीड़ एकत्र हो गई. राहत और बचाव के लिए जेसीबी मशीन ने मलबा हटाया. वहीं, एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची थी. हालांकि, अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि कितने लोगों की मौत और कितने लोग घायल हुए हैं।

## प्रधानमंत्री ने सरकार के प्रमुख के रूप में 25वें वर्ष में प्रवेश करने पर लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार के प्रमुख के रूप में अपनी सेवा के 25वें वर्ष में प्रवेश करते हुए भारत के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। वर्ष 2001 में आज ही के दिन गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से अपनी यात्रा का स्मरण करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए उनका निरंतर प्रयास रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें गुजरात के मुख्यमंत्री पद की ज़िम्मेदारी बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सौंपी गई थी। उस वर्ष राज्य भीषण भूकंप से जूझ रहा था और उससे पहले के वर्षों में राज्य को एक महाचक्रवात, लगातार सूखे और राजनीतिक अस्थिरता का भी सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों ने लोगों की सेवा करने और नए उत्साह और आशा के साथ गुजरात के पुनर्निर्माण के संकल्प को और मज़बूत किया। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते समय मोदी को अपनी मां के वह शब्द याद आए कि उन्हें सदैव गरीबों के लिए कार्य करना चाहिए और कभी रिश्वत नहीं लेनी चाहिए।






## मिट्टी के उत्पाद बेचने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** दीपावली पर्व पर कुम्हार व अन्य माटी कलाकारों को मिट्टी से बने उत्पाद बेचने में सहूलियत मिल सकेगी। जिला प्रशासन ने भी इन उत्पादों को प्रोत्साहन देने की योजना बनाई है। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने अधिकारियों को इस सम्बंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मिट्टी से बने दीपक व अन्य मिट्टी के सजावटी सामान बेचने वाले कलाकारों को नगरीय निकाय या ग्राम पंचायत क्षेत्रों के मुख्य बाजार मे उचित जगह उपलब्ध करवाई जाएं। इन चिह्नित जगहों पर माटी उत्पाद की बिक्री पर किसी प्रकार का शुल्क नहीं वसूला जाएं। साथ ही मिट्टी के दीपक व अन्य माटी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग एवं खरीद के लिए लोगों को प्रोत्साहन दिया जाएं। इससे मिट्टी के उत्पाद बनाने वाले कलाकारों को दीपावली महापर्व पर रोजगार के अधिक अवसर मिल सकेंगे।

## ओड़ा बांध से सिंचाई के लिए देंगे तीन पाण



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** ओडा बांध जल उपयोगिता एवं वितरण समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने की। इस दौरान सिंचाई के लिए तीन पाण देने का निर्णय किया गया। तीनों ही पाण 16-16 दिनों के लिए दी जाएगी। बैठक में जवाई खंड के अधिशाषी अभियंता राज भंवरायत ने बताया कि ओडा बांध से शिवगंज एवं सिरोही तहसील के 12 गांवों में 4616 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है। बांध की कुल भराव क्षमता 24.50 फीट पर 800 एमसीएफटी पानी का भराव रहता है। मंगलवार को बांध का गेज 23.70 फीट पर भराव क्षमता 741.06 एमसीएफटी रहा। किसान प्रतिनिधि दिलीपसिंह मांडानी ने सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान अधिकारियों व किसानों ने सर्वसम्मति से 30 अक्टूबर को सिंचाई के लिए नहर खोले जाने तथा कुल तीन पाण दिए जाने का निर्णय लिया।

**जल वितरण के लिए बैठक आज :** उधर, अणगौर मध्यम सिंचाई परियोजना से जल वितरण कार्यक्रम के लिए जल वितरण एवं उपयोगिता समिति की बैठक 8 अक्टूबर को डोडुआ भुवनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में होगी। यह जानकारी जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता ने दी।

## महिला एवं बाल विकास विभाग के ढिंढोरा व सूरौठ पर अष्टम् पोषण माह में पोषण आहार कि लगाई गई प्रदर्शनी

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सूरौठ - महिला एवं बाल विकास विभाग के सेक्टर ढिंढोरा व सूरौठ पर अष्टम् पोषण माह में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं ने पोषण आहार प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें हरि सब्जियां ,अंकुरित दालें,दूध और दूध से बने पदार्थों, फलों,मोटे अनाज, व पोषाहार से विभिन्न व्यंजन बनाकर सुसज्जित स्टाल लगाई है। 3 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई ,एवं दो बच्चों का अन्नप्राशन किया गया,सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर समुदाय में कुपोषण से बचाव का संदेश दिया गया।दोनो महिला सुपरवाइजरो ने बताया कि पोषण माह में थीम के अनुसार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गतिविधि आयोजित करने के बारे में जागरूक किया गया। संतान के प्रथम 1000 दिवस, कुपोषण प्रबंधन अम्मा कार्यक्रम, बच्चों को उम्र के अनुसार पौष्टिक आहार व ऊर्जा युक्त आहार की जानकारी दी गई, आंगनबाड़ी केन्द्र से मिलने वाले फोर्टिफाइड पोषाहार के उपयोग से पोषक तत्वों की पूर्ति होती हैं, मानसिक विकास के लिए लाभकारी होता हैं। आज के कार्यक्रम में दोनों महिला सुपरवाइजर शशिवाला, शकुन्तला वात्सल्य समन्वयक जितेंद्र सिंह ,सीमफ़ से बीपीओ मधीर कुमार , दौलत ,सौभाग्य सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं और सहायिका उपस्थित रही।

## लेट अस हूप की ओर से हुआ हूपाथॉन 4 का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** फतहसागर झील के किनारे विश्व रिकॉर्ड धारक और प्रसिद्ध हुला हूप आर्टिस्ट मीनाक्षी भेरवानी के नेतृत्व में सैकड़ों बच्चों और बड़ों ने मिलकर हूपाथॉन 4 में हिस्सा लिया। सुबह 6 बजे से 10 बजे तक चला यह आयोजन ऊर्जा, फिटनेस और उत्साह का अनोखा संगम बन गया। इस आयोजन का नेतृत्व मीनाक्षी भेरवानी ने किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बच्चों में आत्मविश्वास व अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में बच्चों का जोश और उत्साह देखने लायक था। सभी प्रतिभागियों ने हुला हूप को लगातार घुमाते हुए लगभग 200 किलोमीटर तक की दूरी तय की और एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। फतहसागर पर घूमने आए स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने भी इस आयोजन में गहरी रुचि दिखाई। कई लोगों ने मौके पर ही हूपिंग आजमाई और बच्चों के साथ मिलकर हूपिंग का भरपूर आनंद लिया। पूरे माहौल में संगीत, हंसी और सकारात्मक ऊर्जा का ऐसा संगम देखने को मिला जिसने हर किसी को फिटनेस की ओर प्रेरित किया।

## मेवाड़ लीजेंड्स, लेक टाइटन्स और महाराणा किंग्स ने जीते मैच- उदयपुर प्रीमियर लीग

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** यूपीएल (उदयपुर प्रीमियर लीग) के तहत दूसरे दिन खेले गए मैचेस में मेवाड़ लीजेंड्स ने प्रताप वॉरियर्स को 57 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेवाड़ लीजेंड्स ने 141 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी प्रताप वॉरियर्स की पूरी टीम मात्र 84 रन पर ऑल आउट हो गई।आयोजन सचिव अनिरुद्ध सांखला ने बताया कि इक्विटास बैंक द्वारा प्रस्तुत इस स्पर्धा में मैन ऑफ द मैच योगेंद्र सिंह राठौर ने 44 रन और 2 विकेट लिए। दूसरे मैच में लेक टाइटंस ने पिछोला पैंथर्स को 27 रन से हराया।

# 15 लाख मांगने के प्रकरण ने तूल पकड़ा

## पुलिस कार्रवाई के लिए लामबंद हुए सरकारी डॉक्टर

बढ़ता राजस्थान




**हिंडौन सिटी (नि.स.)।** स्थानीय राजकीय जिला अस्पताल के हड्डी रोग विषेषज्ञ डॉ. विजय सिंह मीना से 15 लाख रुपए की मांग करने एवं मांग पूरी नहीं करने पर सरकारी नौकरी से हटवाने की धमकी देने के प्रकरण ने तूल पकड़ लिया है। इस प्रकरण में सोमवार को सरकारी डॉक्टर लामबंद हो गए। डॉक्टरों ने राजकार्य में बाधा पहुंचाने के साथ धमकी देने और अपमानित करने के आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की पुरजोर ढंग से मांग की हैं। हिंडौन के सरकारी जिला अस्पताल में सेवारत हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय सिंह मीना ने बताया कि उन्होंने नई मंडी थाने में हिंडौन के स्टेशन रोड निवासी मनीष बंसल पुत्र प्रमोद कुमार बंसल को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉ. मीना ने बताया कि कि मनीष बंसल कई दिनों से झूठी शिकायत कर नौकरी से हटवाने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने का प्रयास कर रहा था। मनीष बंसल कई दिनों से 15 लाख रुपए की अनुचित डिमांड कर रहा था और नहीं देने पर चिकित्सा विभाग में झूठी शिकायत कर नौकरी से निकलवाने की धमकी दे रहा था। डॉ. विजय सिंह ने बताया कि थाने में दर्ज कराई एफआईआर में उल्लेख किया है कि 22 सितंबर 2025 को सुबह 8.45 बजे वे अपने घर से राजकीय चिकित्सालय डयूटी पर जा रहे थे, तभी रास्ते में मनीष बंसल ने रास्ता रोक लिया और धमकाया कि मांगने के बाद भी 15 लाख रूपए नहीं दिए। अब परिणाम भुगतने के लिए तैयार हो जाओ। डॉ. विजय सिंह मीना ने इसका विरोध किया तो मनीष बंसल ने गंदी गालियां देकर अपमानित किया और हाथ पकड़ कर मरोड दिया। यहीं नहीं, राजकार्य में बाधा पहुंचाते हुए 15 मिनट तक राजकीय अस्पताल नहीं जाने दिया। मनीष बंसल की इस हरकत के कारण डॉ. विजय सिंह मीना उस दिन 15 मिनट देरी से 9.15 बजे अस्पताल पहुंच पाए। डॉ. विजय सिंह मीना ने बताया कि जब उन्होंने मनीष बंसल की हरकत का विरोध करते हुए कहा कि वे तो पूरी कर्तव्यनिष्ठा से अपने राजकीय धर्म का पालन कर रहे हैं तो मनीष बंसल ने धमकाते हुए कहा कि तेरे मकान बनाने की और फर्जी प्रमाण पत्र बनाने की झूठी शिकायत कर नौकरी से हटवाकर रहूंगा। मनीष बंसल हाथापाई करने लगा तो श्याम सैन, मोहित बेनीवाल व विश्वेन्द्र बेनीवाल ने बडी मुश्किल से उसे बचाया। डॉ. मीना ने बताया कि मनीष बंसल धौंस देकर उससे 15 लाख रूपए ऐंठना चाहता है। इस मामले में नईमंडी थाने में केस दर्ज कराया गया है। इस प्रकरण में सोमवार को राजकीय जिला अस्पताल के डॉक्टर एकत्र हुए। सभी ने डॉ. विजय सिंह मीना के साथ हुई आपराधिक हरकत की कडे शब्दों में निंदा करते हुए मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री और पुलिस महानिदेशक से एफआईआर में नामजद दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## लायंस क्लब उदयपुर लेक सिटी के त्रैमासिक बुलेटिन 'सद्भाविनी' का हुआ भव्य विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर/कपासन ।** लायंस क्लब उदयपुर लेक सिटी के त्रैमासिक बुलेटिन 'सद्भाविनी' का भव्य विमोचन कार्यक्रम समारोहपूर्वक समापन किया गया।समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. लॉयन रामकिशोर गर्ग,रीजन चेयरपर्सन लॉयन अजय मोर एवं क्लब अध्यक्ष लॉयन सिद्धार्थ चतुर द्वारा त्रैमासिक बुलेटिन सद्भाविनी का भव्य विमोचन किया गया।साथ ही अतिथियों द्वारा संपादकीय दल के कार्य की सराहना करते हुवे कहाकि 'सद्भाविनी' क्लब की सेवा गतिविधियों का सजीव दस्तावेज है। इधर लायंस क्लब उदयपुर की प्रवक्ता एवं योग इंस्ट्रक्टर थेरेपिस्ट डॉ. मीना बाबेल ने दैनिक बढ़ता राजस्थान प्रतिनिधि को दूरभाष संपर्क में बताया कि उक्त बुलेटिन सेवा,सद्भावना एवं सामाजिक सहयोग की भावना से परिपूर्ण कार्यों का संग्रह है।जिसको लायंस क्लब द्वारा गत तीन महीनों में संपन्न किया गया है।उक्त 'सद्भाविनी' का संपादन डॉ. मीना बाबेल एवं डॉ. दीपेन्द्र सिंह चौहान द्वारा संयुक्त रूप में संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि त्रैमासिक बुलेटिन सद्भाविनी को संपादकों द्वारा अनुभव,सृजनशीलता व समाजसेवी दृष्टिकोण से बुलेटिन को आकर्षक एवं प्रेरक रूप प्रदान किया गया है।बुलेटिन का संयोजन क्लब सचिव लॉयन यतीन्द्र सिंह बाबेल द्वारा किया गया।

यहां लायंस क्लब उदयपुर लेक सिटी द्वारा समाजसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता,शिक्षा,पर्यावरण संरक्षण सहित मानवीय कल्याण आदि क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

## सॉफ्टबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

# 17 वर्ष में हनुमानगढ़ 19 वर्ष में नागौर बनी चैंपियन

बढ़ता राजस्थान




**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 7 दिवसीय राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल (छात्रा वर्ग ) की प्रतियोगिता का अग्रसेन पी जी कॉलेज के टाउन हॉल में मंगलवार को समापन हुआ । इस अवसर पर विजेता उपविजेता खिलाड़ी छात्राओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया ।प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग में हनुमानगढ़ की टीम ने भीलवाड़ा को 4 - 0 होम से 19 वर्ष आयु वर्ग में नागौर की टीम ने सीकर को 11 - 6 होम से हराया था। प्रतियोगिता के संयुक्त संचालन सचिव मोहन सिंह मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया कि समापन समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व हिंडौन विधायक राजकुमारी जाटव रही। उन्होंने खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा खेलो से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है । राज्य स्तरीय खेलों में भाग लेकर नेशनल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर राजस्थान का नाम रोशन करें । राज्य सरकार भी बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी शिक्षा खेल व्यवस्था , और स्कूटी,साइकिल योजनाओ के द्वारा अवसर प्रदान कर रही है । बालिकाओं को मोबाइल से दूरी बनाकर पढ़ाई में विशेष ध्यान देना चाहिए । अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा पुष्पेंद्र कुमार शर्मा ने कहां खेलो से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है । विजेता टीम को बधाई हारने वाली टीम अच्छी मेहनत कर आगे की प्रतियोगिता में जीत हासिल करें । इससे पूर्व अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वल कर विजेता और उपविजेता खिलाडियों को मेडल ,शील्ड , प्रमाण पत्र प्रदान किए । आयोजन कमेटी के पी जी कॉलेज के सचिव डॉ आनंद, अग्रवाल, समिति के सचिव विजय कुमार गोयल, सुरेश तीघरिया, प्रकाश खेडिया, प्रधानाचार्य मोहन सिंह ने अतिथियों का अपर्णा, शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । स्थानीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर मोहित कर लिया ।

### यह रहे अतिथि

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक एवं प्रधानाचार्य विकास कुमार गुप्ता, करौली , शारीरिक शिक्षा उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीणा,भाजपा जिला महामंत्री एवं अध्यक्ष रीको मंडल दिलीप गुप्ता ,अग्रसेन शिक्षा प्रसार समिति अध्यक्ष रामदयाल पटवारी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सत्येंद्र आर्य , रामराज ,पूर्व फिजिकल डिप्टी ओम प्रकाश शर्मा, मुरारी लाल शाक्यवार, पूर्व फिजिकल स्ट्रक्टर महेंद्र कुमार शर्मा, रहे विशिष्ट अतिथि। कार्यक्रम का मंच संचालन फिजिकल टीचर प्रियकांत बेनीवाल व वेद रत्न जैमिनी ने किया ।

# नवनियुक्त एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई का जोरदार स्वागत

## शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (नि.स.)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई का प्रागपुरा थाने आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। एडवोकेट रामनिवास यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने एसपी बिश्नोई से मुलाकात की और उनको माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जिले में अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा। एसपी बिश्नोई ने कहा कि वे जिले के विकास और सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। एसपी बिश्नोई के स्वागत कार्यक्रम में प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत, एडवोकेट पंकज यादव, लाडाकाबास प्रशासक मदन लाल यादव, डॉ. सुरेन्द्र यादव, विष्णु सिंह क्रेसर वाले, निर्मल पंसारी, रमेश अग्रवाल (लाला), कृष्ण यादव, सुरेश सैनी, गोपाल अग्रवाल, कालूराम यादव आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे। सभी ने एसपी बिश्नोई को जिले की जिम्मेदारी संभालने पर बधाई दी और उनके साथ मिलकर जिले के विकास और सुरक्षा के लिए काम करने का संकल्प लिया। उपेन्द्र सिंह ने बताया कि नवनियुक्त एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के स्वागत के दौरान जिले के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और एसपी ने सभी को आश्वस्त किया कि वे जिले के विकास और सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। एसपी बिश्नोई का जोरदार स्वागत करने वाले प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोगों ने उनके नेतृत्व में जिले की सुरक्षा और विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया।

## पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की

# उचित मूल्य की दुकान का ताला टूटा, करीब 90 बोरी गेहूं की चोरी

बढ़ता राजस्थान




**पावटा (नि.स.)।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के भांकरी में संचालित उचित मूल्य की दुकान से लगभग 90 बोरी (करीब 44-45 क्विंटल) गेहूं चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में डीलर धोलाराम जाट पुत्र साधूराम जाट, निवासी दादा का बास, तहसील पावटा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार, धोलाराम जाट भांकरी ग्राम में उचित मूल्य की दुकान (लाइसेंस संख्या 420/2018) का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि 30 सितम्बर 2025 को उन्होंने दुकान में रखे सितम्बर माह के खाली वारदानों (बोरे) को बेचकर दुकान बंद कर दी थी। दुकान में अक्टूबर माह का राशन - लगभग 131.85 क्विंटल गेहूं सुरक्षित भरा हुआ था। 5 अक्टूबर 2025 की शाम करीब 6 बजे पड़ोसी दुकानदार ने सूचना दी कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। जब धोलाराम मौके पर पहुंचे तो पाया कि दुकान के भीतर रखे गेहूं के लगभग 90 बैग गायब थे। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर पुलिस थाना प्रागपुरा की टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। परिवादी ने पुलिस को बताया कि उसने आसपास पूछताछ की, लेकिन चोरी के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला। प्रथम दृष्टया यह मामला अज्ञात चोरों द्वारा बड़ी मात्रा में राशन चोरी का प्रतीत होता है। प्रागपुरा थाना पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर धारा 331(4) व 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक राजकमल को सौंपी गई है। पुलिस ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और क्षेत्र के संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर जांच की जा रही है। फिलहाल चोरी गए गेहूं के बैगों का कोई सुराग नहीं मिला है, परंतु पुलिस टीम सक्रिय रूप से जांच में जुटी हुई है।

## बगैर डॉक्टरी सलाह कफ सिरप नहीं देने की सलाह

# बच्चों को दवा नहीं घरेलू उपचार से ठीक करने की एडवाइजरी

बढ़ता राजस्थान

सिरोही(नि.स.)। बच्चों के लिए बिना डॉक्टरी सलाह कफ सिरप का उपयोग नहीं करने एवं घरेलू उपचार को बढ़ावा देने की एडवायजरी जारी की गई है। आमतौर पर सात से दस दिन में खांसी-बुखार ठीक हो जाते है, लिहाजा चिकित्सा विभाग ने इस मौसम में घरेलू उपचार पर ज्यादा जोर देने की सलाह दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ खांसी, जुकाम और बुखार के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए एहतियात बरतने की जरूरत है। उन्होंने अभिभावकों, चिकित्सकों व दवा विक्रेताओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कहा कि अधिकांश मामलों में सामान्य खांसी-जुकाम अपने आप 7 से 10 दिनों में ठीक हो जाता है और इसके लिए एंटीबायोटिक या कफ सिरप जैसी दवाओं की आवश्यकता नहीं पड़ती। सामान्य खांसी-जुकाम में घरेलू प्राथमिक उपचार सबसे प्रभावी और सुरक्षित विकल्प है।

### बच्चों को तरल पदार्थ ज्यादा देना चाहिए

उन्होंने कहा कि बच्चे को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ गुनगुना पानी, सूप, नारियल पानी, दूध आदि देना चाहिए, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो और गले की खराश में राहत मिले। बच्चे को पर्याप्त आराम दिलाना अत्यंत आवश्यक है। एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के लिए शहद का सेवन खांसी में आराम पहुंचाता है। वहीं भाप लेने और नाक में सलाइन ड्रॉप डालने से नाक बंद होना और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याओं में काफी राहत मिलती है।

### हानिकारक है कफ सिरप के दुष्प्रभाव

सीएमएचओ ने बताया कि अक्सर बच्चों को राहत देने के लिए लोग डॉक्टरी सलाह के बगैर ही कफ सिरप दे देते हैं, जो अत्यंत हानिकारक हो सकता है। डेक्सट्रोमेथोर्फेन साल्ट छोटे बच्चों में गंभीर दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है। चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा बिल्कुल नहीं देनी चाहिए। बड़े बच्चों को भी केवल चिकित्सकीय सलाह पर ही दी जानी चाहिए। बुखार की स्थिति में पैरासिटामोल को सुरक्षित खुराक बताया, लेकिन वह भी सही मात्रा में देना बताया।

### चिकित्सक व फार्मासिस्ट को निर्देश

सीएमएचओ ने सभी चिकित्सकों से अपील की कि वे बाल रोगियों में खांसी के इलाज में डेक्सट्रोमेथोर्फेन साल्ट वाली सिरप का प्रयोग यथासंभव न करें। चार वर्ष से छोटे बच्चे को बिल्कुल न दें। इससे अधिक उम्र के बच्चे के लिए आवश्यक हो तो उम्र एवं वजन के अनुसार सीमित मात्रा में दें।

# अजमेर जिला प्रमुख पलाड़ा ने 1 करोड़ से अधिक राशि के स्वीकृत कार्यो की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिला प्रमुख श्रीमती सुशील कंवर पलाडा द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रवास एवं जिला परिषद आपके द्वार शिविरों के दौरान, जिला परिषद सदस्यगण, पंचायत समिति सदस्यगण, सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीणजन द्वारा अजमेर जिले में विभिन्न जनउपयोगी कार्यो की मांग की गई थी। प्राप्त प्रस्तावों को जिला प्रमुख ने अति आवश्यक श्रेणी मे रखते हुऐ तत्काल ही चिन्हीत कर कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये थे। जिला प्रमुख ने अपने जिला परिषद आपके द्वार शिविरों में ग्रामीणजन को आश्वस्त किया था कि आपके क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं छोडी जायेगी किसी भी तबके, जाति, व क्षेत्र को विकास से अछूता नहीं रखा जायेगा उसी के अनुसरण में मुख्य कार्यकारी अधिकारी अधिकारी, जिला परिषद अजमेर ने जिला प्रमुख द्वारा अनुमोदित ग्राम चांदथली ग्राम पंचायत बाजटा में महादेव जी के स्थान पर सामुदायिक केन्द्र, ग्राम भिनाय ग्राम पंचायत भिनाय में आचार्य मौहल्ले में सामुदायिक केन्द्र, ग्राम खायड़ा ग्राम पंचायत बूबकिया में सगसजी महाराज के पास हैण्डपंप, ग्राम देवलियाकलां ग्राम पंचायत देवलियाकलां में कीर समाज के मौहल्ले में सामुदायिक केन्द्र, ग्राम देवगढ़ ग्राम पंचायत देवमाली में सार्वजनिक हथाई के पास सामुदायिक केन्द्र, ग्राम पंचायत देवमाली में झुझार जी महाराज के पास खेली कोटा, ग्राम गज्जनाड़ी ग्राम पंचायत देवपुरा में शिव मन्दिर के पास सामुदायिक केन्द्र, ग्राम पंचायत धून्धरी के भील मौहल्ले में हैण्डपंप, ग्राम जैतपुरा ग्राम पंचायत कैरोट में रेगर समाज मौहल्ले में सामुदायिक केन्द्र, ग्राम केसरपुरा ग्राम पंचायत केसरपुरा में तेजाजी महाराज के मंदिर के पास सामुदायिक केन्द्र, ग्राम सूरजपुरा ग्राम पंचायत कुम्हारिया में भील समाज के मौहल्ले में सामुदायिक केन्द्र, ग्राम मोटालाव ग्राम पंचायत कुशायता के राजकीय विद्यालय में ट्यूबवैल मय पानी की टंकी, ग्राम बडलाखेड़ा ग्राम पंचायत लामगरा में तेजाजी मन्दिर के स्थान के पास सामुदायिक केन्द्र, ग्राम लामगरा ग्राम पंचायत लामगरा में शंकर भगवान के स्थान के पास सामुदायिक केन्द्र, ग्राम रामपुरा ग्राम पंचायत लोहरवाड़ा में तेजाजी महाराज मंदिर के पास सामुदायिक केन्द्र, राउप्रावि गुढ़ा ग्राम पंचायत मानपुरा में ट्यूबवैल मय पानी की टंकी, राउप्रावि गुढ़ा ग्राम पंचायत मानपुरा में पुस्तकालय भवन, ग्राम काचरिया ग्राम पंचायत नान्दसी में बालाजी मन्दिर के पास सामुदायिक केन्द्र, ग्राम पडांगा ग्राम पंचायत पडांगा में श्री बाबा रामदेव जी महाराज के मंदिर के पास सामुदायिक केन्द्र, ग्राम पडांगा ग्राम पंचायत पडांगा के राजपूत मौहल्ले में दरवाजे के पास सामुदायिक केन्द्र, ग्राम मानपुरा ग्राम पंचायत पनेर में भैरू जी महाराज के हैण्डपंप, ग्राम पंचायत राजगढ़ में ग्राम पंचायत भवानीखेड़ा व राजगढ़ तिराहे के पास सार्वजनिक प्याऊ व पानी की टंकी, ग्राम पंचायत सथाना में गढ के चौक में जीएलआर टंकी, ग्राम लक्ष्मीखेड़ा ग्राम पंचायत सथाना में बालाजी रोड गुर्जरो का मौहल्ला जीवराज जी गुर्जर के मकान सामने ट्यूबवैल मय पानी की टंकी, ग्राम पंचायत सिंगावल में मुख्य रास्ता राजपूत मौहल्ले में प्रथम तल पर सामुदायिक केन्द्र, ग्राम सुरसुरा ग्राम पंचायत सुरसुरा में थल रोड बस स्टैण्ड पर टिन शैड एवं जन उपयोगी कार्य, ग्राम छापरी ग्राम पंचायत ताजपुरा में तेजाजी चौक पर सामुदायिक केन्द्र हेतु 1 करोड़ 7 लाख की राशि के 28 विकास कार्यो की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की। श्रीमती सुशील कंवर पलाड़ा, जिला प्रमुख अजमेर ने तकनीकी स्वीकृति पंचायत समिति से प्राप्त कर वित्तीय स्वीकृति जारी करने के निर्देश मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अजमेर को प्रदान किये।

# विजयादशमी उत्सव में समाज एकता का संदेश

## पंच परिवर्तन विषय पर हुआ बौद्धिक आयोजन





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में विद्याधर भाग के अंतर्गत बालाजी नगर, बालाजी विहार-6, बस्ती में रविवार, 5 अक्टूबर 2025 को विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृपा शंकर तथा बौद्धिक कर्ता के रूप में विवेक गुप्ता (प्रांत संपर्क प्रमुख) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कृपा शंकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज को एकजुट होकर कार्य करना आवश्यक है। जब समाज एक दिशा में संगठित होकर आगे बढ़ता है, तो कोई भी शक्ति भारत माता को परम वैभव तक पहुंचने से नहीं रोक सकती। इस अवसर पर विवेक गुप्ता ने पंच परिवर्तन विषय पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण एवं नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर गहन विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक, मातृशक्ति, सज्जन शक्ति एवं समाजबंधु अत्यंत उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे और ध्यानपूर्वक बौद्धिक सत्र को सुना। आयोजन के माध्यम से समाज में संगठन, सेवा और राष्ट्रभावना का संदेश दिया गया।

# पालिका अध्यक्ष ने रक्तदान व चिकित्सा शिविर एवं भजन संध्या पोस्टर का किया विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** श्रीराम गौशाला समिति फुटाला के तत्वाधान में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर, निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या कार्यक्रम के पोस्टर का मंगलवार को रींगस नगर पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल ने विमोचन किया। गौ भक्त श्याम यादव फुटाला ने बताया कि 15 से 17 अक्टूबर तक तीन दिवसीय योग शिविर, गो कथा एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। 18 अक्टूबर को प्रात: 8 से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 18 अक्टूबर को ही सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, एक शाम गौ माता के नाम रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें गायक कलाकार डॉ. ओमजी मुंडेल के द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। पोस्टर विमोचन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल ने सभी युवाओं से रक्तदान शिविर में बढ़ चढक़र रक्तदान करने व जरूरतमंद लोगों को नया जीवनदान देने की अपील की। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक जनसेवक गौ भक्त श्याम यादव (बाबा) फुटाला, के. सी. राजा, सुरेश ठेकेदार, झाबर यादव करीरी, विजय यादव, हरदेव बेनीवाल, महिपाल निठारवाल, तेजपाल कुमावत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# कोटपुतली नीमकाथाना सडक़ बनी कीचड़ का समंदर, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपुतली के डाबला रोड इन दिनों लोगों के लिए मुसीबत का पर्याय बन चुकी है। बारिश के बाद सडक़ की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यह सडक़ अब सडक़ कम और कीचड़ का समंदर ज्यादा लगती है। चारों ओर पानी, गड्ढे और दलदल ने इस रास्ते को खतरनाक बना दिया है।

### राहगीरों का जीना दूभर

रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूल के बच्चे, कामकाजी लोग, किसान और मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कीचड़ और दलदल में फिसलकर कई लोगों के गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए तो यह रास्ता बेहद खतरनाक हो गया है, वहीं चारपहिया वाहन चालकों को भी सावधानीपूर्वक गाड़ी चलानी पड़ती है।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह समस्या कई महीनों से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की ओर



से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को बार-बार शिकायतें देने के बावजूद सडक़ की मरम्मत या जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। शहर के निवासी रामनिवास, सुरेश और कमलेश ने बताया कि बरसात होते ही यह सडक़ कीचड़ का तालाब बन जाती है। बच्चों को स्कूल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है और कई बार एंबुलेंस तक फँस जाती है।

### दुर्घटनाओं का बना खतरा

सडक़ पर जगह-जगह बने गड्ढों में पानी भरने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में किसी भी समय गंभीर हादसे होने की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि रात के समय तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है क्योंकि स्ट्रीट लाइट की भी कमी है।

### प्रशासन से गुहार

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग (क्कङ्खष्ठ) से मांग की है कि सडक़ की तत्काल मरम्मत करवाई जाए और स्थायी जल निकासी प्रणाली बनाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# रंगी-अतरंगी थीम पर सजा टैगोर विद्या भवन का वार्षिक पुरस्कार समारोह, 250 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शास्त्री नगर स्थित टैगोर विद्या भवन सी. सै. स्कूल का 53वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार को मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के दीप स्मृति सभागार में हुआ। इस वर्ष समारोह की थीम रंगी-अतरंगी रखी गई, जो भारतीय जीवन में रंगों के महत्व और हमारी संस्कृति की विविधता को दर्शाती है। कार्यक्रम में रंगों की सुंदरता और जीवन में उनके योगदान को नृत्य और गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान मानवाधिकार आयोग के सदस्य व पूर्व आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। उनके साथ टैगोर समूह की सीईओ डॉ. रूचिरा सोलंकी, टैगोर इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या कमल राठौड़, टैगोर विद्या भवन के प्राचार्य अनिल पूनिया और संस्था निदेशक पी.डी. सिंह भी मौजूद रहे।समारोह में 250 से अधिक विद्यार्थियों को शैक्षणिक, सहशैक्षिक और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र, नकद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

# 10 अक्टूबर को विशाल रोजगार मेले का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर फॉर एस सी /एस टी , जयपुर की और से यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एन्ड मैनेजमेंट, उदयपुरिया मोड़, चौमू , जयपुर में 10 अक्टूबर को प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक विशाल रोजग़ार मेले का आयोजन होगा। इस मेले में 30 से अधिक आईटी, आईटी एस, मैन्युफैक्चरिंग, होटल, हॉस्पिटल एंड बैंकिंग क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। चयनित अभ्यर्तिओं को पे रोल आधार पर न्यूनतम वेतनमान के साथ रोजग़ार मिलेगा। प्रवेश निशुल्क है और सभी योग्यता वाले विद्यार्थी भाग ले सकते है।

# जिला स्तरीय विज्ञान मेला 2025-26 का आयोजन 8 से 10 अक्टूबर तक

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर के दिशा-निर्देशानुसार जिला स्तरीय विज्ञान मेला वर्ष 2025-26 का आयोजन दिनांक 08 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 तक सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में किया जाएगा।जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद मीणा ने बताया कि यह मेला विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय स्तर पर चयनित विद्यार्थी अपने प्रभारी शिक्षकों के साथ 08 अक्टूबर 2025 को प्रात: 9:00 बजे आयोजन स्थल पर उपस्थित रहेंगेउन्होंने सभी विद्यालय प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने स्तर पर चयनित विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करें।इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपने वैज्ञानिक मॉडल एवं नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। मेला छात्रों की सृजनात्मकता एवं अनुसंधानात्मक सोच को मंच प्रदान करेगा।

# चोरों ने दिनदहाड़े सुने मकान से सोने चांदी के आभूषण सहित 80 हजार नगदी की पार

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** रींगस नगरपालिका क्षेत्र में वार्ड नंबर 25 में स्थित बाजिया की ढाणी जैतूसर रोड पर सुनें मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोरों ने मकान में अलमारी से सोने चांदी के आभूषण सहित 80 हजार रुपए नगदी ले गए। पिडित वीरेंद्र कुमार कुमावत पुत्र सूरजमल कुमावत ने मंगलवार को पुलिस को रिपोर्ट दी कि सोमवार को सुबह वह अपनी मोबाइल कि दुकान पर चला गया था और उसकी पत्नी जैतपुरा चली गई थी विरेन्द्र जब शाम को घर आया तो उसे घर के ताले टुटे मीले जब विरेन्द्र ने अलमारी को सम्भाला तो अलमारी से सोने का मंगलसूत्र,सोने के कानों के झुमके,सोने कि अंगुठी,सोने कि चैन, चांदी कि पायजेब, चांदी के सिक्के, तीन हाथ घड़ी, सहित 80 हजार रुपए नगदी लें गए । सुचना पर पिडित द्वारा दि गई रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क दुर्घटना पीड़ित परिवार को दी एक लाख की आर्थिक सहायता

बढ़ता राजस्थान



**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** हाल ही में कालाडेरा-चौमूँ मार्ग पर हुए भीषण सडक़ हादसे में हस्तेड़ा निवासी सगे भाई रामेश्वरलाल कुमावत एवं लालचंद कुमावत की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे के सदमे को सहन न कर पाने के कारण उनके पिता दुर्गालाल कुमावत का भी निधन हो गया था। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की असमय मृत्यु से पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हो गया था।

घटना के उपरांत शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा से परिजनों ने हर संभव सहायता की मांग की थी। पीडि़त परिवार का भारतीय जनता पार्टी से वर्षों से गहरा जुड़ाव रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को हस्तेड़ा स्थित उनके निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मृतकों के आश्रितों को ?1 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। यह राशि आश्रित ग्यारसी देवी, बबली देवी (पत्नी स्व. रामेश्वरलाल) एवं फूली देवी (पत्नी स्व. लालचंद कुमावत) को सौंपी गई।

इस अवसर पर नगरपालिका चौमू की पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा जयपुर देहात उत्तर जिला उपाध्यक्ष अर्चना कुमावत, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव, पूर्व अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, पंचायत समिति प्रत्याशी अमरचंद निठारवाल, मंडल महामंत्री रिशपाल कुमावत, सत्यनारायण कुमावत, बनवारीलाल कुमावत, विनोद कुमावत सहित परिवारजन गोपाललाल, शिम्भूदयाल, कैलाशचंद कुमावत आदि उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि संकट की इस घड़ी में पार्टी परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## 35वाँ श्री श्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन

# गायक कलाकारों ने एक से बढक़र एक दी भजनों की प्रस्तुतियां

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम भैसलाना में श्री श्याम शक्ति मण्डल के तत्वाधान में शुक्रवार को 35वाँ श्री श्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया गया।इस मौके पर श्री श्याम प्रभु का भव्य दरबार लगाकर विशाल जागरण का आयोजन किया गया। श्री श्री 108 श्री गोकुलदास जी महाराज आसपुरा बावड़ी द्वारा पूजा अर्चना कर एवं अखंड ज्योत जलाकर जागरण का शुभारम्भ किया। श्री श्याम शक्ति मंडल कोटपुतली ट्रस्ट(गुरु मंडल) ने गणेश वन्दना कर जागरण शुरू किया गया। वहीं अमित म्यूजिकल ग्रप व सुप्रसिद्ध कलाकार सरदार सुरजीत सिंह राजगढ़,रमेश जिंदल कोटपुतली,पूनम राजपूत चौमू ,हरिकिशन शर्मा कुजोता,दाताराम यादव गुरुजी,ओमप्रकाश जांगिड



नारेहड़ा,घनश्याम शर्मा व सियाराम शर्मा द्वारा एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर पूरे दिन श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर बाहर से सभी मंडलों और अतिथियों व पत्रकारों का माल्यार्पण व दुपट्टा ओढक़र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। क्षेत्र के सुप्रसिद्ध एंकर हम्मीर सिंह मंढा द्वारा मंच संचालन किया गया। मंडल के सदस्यों द्वारा आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर रामसिंह शेखावत,धर्मसिंह भैंसलाना, सोहन यादव,अमर सिंह यादव,दिलीप सिंह डीलर,राजवीर सिंह,महेंद्र सोनी,शिंभू सांपला,गिरधारी यादव,महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, सुभाष योगी,सांवर सिंह,घम्मन यादव,हेमराज सिंह,माल सिंह समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में पल्स हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य वार्ता एवं योग सत्र का आयोजन लगातार जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** पल्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय,में किशोरी स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत एक स्वास्थ्य वार्ता एवं योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को शारीरिक, मानसिक एवं आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा कुमावत ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी



दी। इसके साथ ही पल्स हॉस्पिटल के आयुर्वेदाचार्य डॉ. बी. के. शेखावत ने आयुर्वेदिक जीवन शैली (आयुर्वेदिक जीवन शैली, वात-पित्त-कफ संतुलन) पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को दैनिक जीवन में आयुर्वेद को अपनाने के लाभ बताए और बताया कि कैसे आयुर्वेदिक दिनचर्या एवं संतुलित आहार मानसिक शांति और शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करता है।

सत्र में पल्स हॉस्पिटल के योगाचार्य रजत जी ने योग एवं प्राणायाम के महत्व पर मार्गदर्शन दिया तथा छात्राओं को कुछ सरल योगासन सिखाए, जिनसे तनाव मुक्ति एवं एकाग्रता बढ़ाने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर उर्मिल, एवं शिक्षिका शोभा मैडम, ज्योति पाठक, माधुरी गंगावत, भरका, भूमिका, डॉ. कोमल शर्मा, डॉ. पदमा, डॉ. बबीता, सुदेश यादव, शुभलता, आयशा मीणा आदि शिक्षकों एवं छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति की ओर से पल्स हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. महेन्द्र सिंह पलसानिया का इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियों के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं सही जीवनशैली के प्रति रुचि बढ़ती है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के किशोरी स्वास्थ्य जागरूकता, योग एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सत्र भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़े और विशेषकर किशोरियों को समय पर सही मार्गदर्शन मिल सके।

## सम्पादकीय

# चुनाव मैदान में बिहार, तिथियों की घोषणा

बिहार में मतदान तिथियों की घोषणा की प्रतीक्षा पूरी हुई। चुनाव आयोग ने इस बार पिछली बार से एक कम यानी दो चरणों में ही मतदान कराने का निर्णय लिया। यह चुनाव आयोग की सामर्थ्य के साथ ही बिहार में कानून एवं व्यवस्था की बेहतर स्थिति का भी सूचक है। एक समय था, जब बिहार में कानून एवं व्यवस्था को चुनौती मिलने के चलते कई चरणों में मतदान कराना पड़ता था।

अब केवल बंगाल ही ऐसा राज्य बचा है, जहां कानून एवं व्यवस्था की खराब हालत के कारण कई चरणों में मतदान कराना पड़ता है। बिहार में मतदान तिथियों की घोषणा भले ही अब हुई हो, लेकिन वहां पिछले कुछ समय से राजनीतिक दलों की गतिविधियों के केंद्र में विधानसभा चुनाव ही थे।बिहार की सत्ता किसके हाथ रहेगी, इसका पता तो चुनाव परिणाम वाले दिन यानी 14 नवंबर को ही चलेगा, लेकिन इतना तय है कि इस बार अन्य मुद्दों के साथ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर को भी चुनावी मुद्दा बनाया जाएगा। यह स्पष्ट ही है कि इसे मुद्दा बनाने का काम विपक्षी दल करेंगे।

इस कारण चुनाव परिणाम राजनीतिक दलों की जीत-हार के साथ यह भी बताएंगे कि एसआइआर प्रक्रिया पर सवाल उठाना कितना सही था और जो सवाल उठाए गए, उनमें कोई तत्व था या नहीं?

चूंकि बिहार के पिछड़ेपन की चर्चा होती रहती है, इसलिए यह स्वाभाविक है कि राज्य का विकास भी पक्ष-विपक्ष के बीच एक प्रमुख चुनावी मुद्दा होगा। हालांकि बिहार बदहाली के दौर से निकल चुका है और पिछले 20 वर्षों में यहां की स्थितियों में काफी कुछ सुधार हुआ है, पर यह ध्यान रहे कि जनता हो चुके विकास कार्यों और उपलब्ध सुविधाओं से संतुष्ट नहीं होती। उसे और बेहतर की चाह रहती है। यह मानवीय स्वभाव है। जो भी गठबंधन इस चाह को पूरा करने में समर्थ दिखाई देगा, उसकी राह आसान हो जाएगी, लेकिन तभी, जब लोग जाति-संप्रदाय की राजनीति के प्रभाव में आकर वोट देने से बचेंगे। यदि बिहार को तेजी से विकास करना है और अपनी शेष समस्याओं से मुक्त होना है तो यहां के मतदाताओं को जाति-मजहब की राजनीति से ऊपर उठकर वोट देना होगा।

वे इसमें तब सक्षम बनेंगे, जब जाति-संप्रदाय की राजनीति करने वालों को हतोत्साहित करेंगे। वे ऐसा करें, इसमें एक भूमिका राजनीतिक दलों को भी निभानी होगी। उन्हें योग्य प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतरना होगा। यह आसान नहीं है, क्योंकि वे आम तौर पर प्रत्याशियों का चयन करते समय उनकी जाति को वरीयता देते हैं




और इसका कारण औसत मतदाताओं की अपनी जाति-बिरादरी वालों को वोट देने की प्रवृत्ति है। बिहार के लोगों को इस प्रवृत्ति का परित्याग करना होगा। इसी में उनका, बिहार का और भारतीय लोकतंत्र का हित है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 8 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1932 - भारतीय वायुसेना का गठन।
- 1996 - ओटावा में आयोजित सम्मेलन में लगभग 50 देश बारूदी सुरंगों पर विश्वव्यापी प्रतिबंध लगाने पर सहमत।
- 1998 - भारत 'फ़्लाइट सेफ़्टी फ़ाउंडेशन' का सदस्य बना।
- 2000 - वोजोस्लाव कोस्तुनिका यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति बने, इस्रायल, फ़िलिस्तीन व संयुक्त राष्ट्र अमेरिका गाजा पट्टी समस्या हल के लिए त्रिपक्षीय संकट प्रबंधन दल के गठन पर सहमत।
- 2001 - इटली के मिलान हवाई अड्डे पर दो विमानों के आपस में टकरा जाने के बाद एक में आग लग गयी, जिससे 114 लोगों की मौत हो गई।
- 2002 - पाकिस्तान ने शाहीन मिसाइल का पुन: परीक्षण किया।
- 2003 - टोक्यो में आयोजित मिस इंटरनेशनल प्रतियोगिता में मिस वेनेजुएला गोजेदोर एजुआ ने ख़िताब पर कब्ज़ा जमाया, 2003 का नोबेल शांति पुरस्कार ईरान की शिरीन इबादी को देने की घोषणा की गई।
- 2004 - भारतीय गेहूँ पर मौनसेंटो का पेटेन्ट रद्द। शांति का नोबेल पुरस्कार केन्याई पर्यावरणविद वांगरी मथाई को।
- 2007 - बांग्लादेश के पूर्व गृहमंत्री मोहम्मद नसीम को 13 साल क़ैद की सज़ा हुई।
- 8 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति
- 1998 - दिव्या काकरन - भारत की फ्रीस्टाइल महिला पहलवान हैं।
- 1931 - पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य - भारतीय राजनीतिज्ञ हैं।
- 1844 - बदरुद्दीन तैयब जी- प्रसिद्ध वकील, न्यायाधीश और नेता
- 8 अक्टूबर को हुए निधन
- 2020 - रामविलास पासवान - लोक जनशक्?ति पार्टी के अध्?यक्ष व भारतीय दलित राजनीति के प्रमुख नेताओं में से एक थे।
- 2008 - केदार नाथ साहू - भारत के प्रसिद्ध लोक नृत्य कलाकार थे।
- 1990 - कमलापति त्रिपाठी - भारतीय राजनीतिज्ञ, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी थे।

## विशेष आलेख

# पीओके : गंभीर रणनीतिक भूल होगा भारत में विलय का संकल्प



हरीश शिवनानी

भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव बढने के साथ ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत में शामिल करने की चर्चा एक बार फिर जोर पकड़ रही है। कुछ उच्च-स्तरीय बयानों ने इस मुद्दे को नए सिरे से जीवंत कर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही एक सार्वजनिक सभा में स्पष्ट कहा कि पीओके हमारा है और बिना किसी आक्रामक कार्रवाई के यह भारत का हिस्सा बनेगा। इसी क्रम में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी बीकानेर में पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी कि ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में दिखाया गया संयम अब दोहराया नहीं जाएगा। इस बार हम कुछ ऐसा करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि क्या वह नक्शे में बने रहना चाहता है या नहीं। ये बयान भारतीय जनमानस को भी उद्वेलित कर रहे हैं। भारत का जनमानस आज भी 1948 में की गई उस ऐतिहासिक महाभूल को भुला नहीं पाया है जब पाकिस्तान के कश्मीर पर थोपे गए युद्ध में भारतीय सेना उसे खदेड़ रही थी पर नेहरु सरकार ने सेना को आगे बढने से रोक दिया और भारतीय कश्मीर का एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान के पास रह गया, वही पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके कहलाता है। 1948 से भारतीयों का स्वप्न है कि पीओके को वापस भारत में मिलाया जाए। यह एक भावुक स्वप्न है लेकिन गहन विश्लेषण किया जाए तो स्पष्ट होता है कि आज के दौर में पीओके को सैन्य या कूटनीतिक रूप से वापस लेना भारत के लिए एक गंभीर रणनीतिक भूल साबित होगी।

पीओके की जटिल और ख़स्ता आर्थिक परिस्थितियां, जनसांख्यिकीय,भू-राजनीतिक और सैन्य वास्तविकताएं भारत को लंबे समय तक जोखिम़ में डाल सकती हैं। पीओके की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि इसे भारत में शामिल करना देश की अर्थव्यवस्था पर एक भारी-भरकम बोझ डाल देगा। पीओके की अर्थव्यवस्था पूरी तरह पाकिस्तान पर निर्भर है। वहाँ की जीडीपी प्रति व्यक्ति मात्र 1,200 डॉलर के आसपास है, जो भारत के राष्ट्रीय औसत (2,500 डॉलर) से भी कम है। भारत का अपना जम्मू-कश्मीर (जेएंडके) ही आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं है। अनुमानित रूप से, पीओके के 55-60 लाख निवासियों के लिए बुनियादी सुविधाओं पर प्रारंभिक निवेश ही 50,000 करोड़ रुपयए से अधिक का होगा। भारत, जो खुद वैश्विक मंदी और महंगाई से जूझ रहा है, इस क्षेत्र को संभालने में असमर्थ साबित होगा। आर्थिक पहलू के अलावा पीओके की जनसांख्यिकीय संरचना भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम है। 2017 की पाकिस्तानी जनगणना के अनुसार, पीओके की जनसंख्या लगभग 55 - 60लाख है। इनमें से 99 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम हैं, जिसमें पश्तून, बाल्टी और कश्मीरी समुदाय प्रमुख हैं। भारत पहले से ही कट्टरपंथी ताकतों से जूझ रहा है—नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और धारा 370 हटाने के बाद साम्प्रदायिक तनाव भी बरकरार हैं। पीओके के निवासियों को भारतीय नागरिकता देने पर वे सीमित संसाधनों वाले जेएंडके से बाहर निकलकर भारत के विभिन्न शहरों में फैल जाएंगे। इससे शहरी डेमोग्राफिक बैलेंस बिगड़ जाएगा और वहाँ साम्प्रदायिक समस्याएं बढ़ेंगी। भारत में विलय के बाद ये समूह कट्टरपंथी राष्ट्र विरोधी संगठनों से जुड़ सकते हैं, जिससे आंतरिक सुरक्षा चुनौतियां बढ़ेंगी। यह न केवल हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण को तेज करेगा, बल्कि क्षेत्रीय असंतुलन को भी जन्म देगा। जनसांख्यिकीय विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी स्थिति में भारत का जनसंख्या संतुलन 20 वर्षों में 15 प्रतिशत तक बदल सकता है, जो भविष्य में राजनीतिक अस्थिरता और राष्ट्रीय एकता पर संकट का कारण बनेगा।

पीओके के भारत मे विलय से सैन्य और सुरक्षा जोखिम भी कम नहीं होंगे। पीओके क्षेत्र ऊबड़-खाबड़ और अशांत पहाड़ी इलाका है। इसका भूभाग अपनी दुर्गम भौगोलिक स्थिति और वर्तमान भू-राजनीतिक हालात के कारण एक गंभीर सुरक्षा चुनौती बना रहेगा। इस क्षेत्र को स्थिर रखने के लिए एक स्थायी और विशाल सुरक्षा तंत्र की आवश्यकता होगी। सैन्य विशेषज्ञों के अनुसार, पीओके को नियंत्रित करने के लिए भारत को अतिरिक्त एक लाख सैनिक तैनात करने पड़ेंगे, जिसका वार्षिक खर्च 30,000 करोड़ रुपए से अधिक होगा। वर्तमान में, भारत की सेना पहले से ही नियंत्रण रेखा पर तीन लाख सैनिकों के साथ व्यस्त है, और पीओके लेने पर यह एक अंतहीन आतंकवाद और युद्धक्षेत्र बन जाएगा।

बढ़ा हुआ सैन्य बोझ न केवल बजट को प्रभावित करेगा, बल्कि मानवीय हानि भी बढ़ाएगा। भारत की सैन्य क्षमता को फैलाने से पूर्वी लद्दाख (चीन सीमा) पर ध्यान कम होगा, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक होगा। यह मानने का भी कोई कारण नहीं है कि पीओके की आबादी का एक हिस्सा विलय का विरोध नहीं करेगा। भारतीय सेना और अर्ध-सैन्य बलों को न केवल बाहरी घुसपैठ, बल्कि एक नए आंतरिक विद्रोह का सामना करना पड़ सकता है। पीओके को लेने का सबसे बड़ा जोखिम भू-राजनीतिक है। यह क्षेत्र चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का केंद्र है, जो ग्वादर बंदरगाह से गिलगित तक फैला है। चीन ने यहां 60 बिलियन डॉलर निवेश किया है, और भारत का हस्तक्षेप बीजिंग को उकसाएगा।

पीओके लेने के लिए भारत की सैन्य कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय समुदाय आक्रामकता मानेगा। भारत की वर्तमान वैश्विक छवि—जो जी-20 और क्वाड से मजबूत हुई है—को ठेस पहुंचेगी। ज़ाहिर है, पीओके को वापस लेना भावुकता से प्रेरित है। पीओके का विलय केवल एक क्षेत्रीय विस्तार का मामला नहीं है, बल्कि यह भारत के लिए आर्थिक, सामाजिक और सुरक्षा संबंधी गंभीर जोखिमों से भरा एक जटिल मुद्दा है। इस कदम से देश की अर्थव्यवस्था पर एक नया, लंबे समय तक रहने वाला बोझ पड़ सकता है और देश की सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक,रणनीतिक रूप से भी व्यावहारिक नहीं लगता।

# जो हुआ वो गलत हुआ, पर हुआ ही क्यों? इस पर भी चिंतन जरूरी!



सुशील कुमार 'नवीन'

*न्यायालय देश के प्रत्येक उस व्यक्ति की सबसे बड़ी उम्मीद है जो हर तरह की व्यवस्था से आहत है। जब कोई सुनवाई नहीं हो रही हो। न प्रशासन सुन रहा हो और न सरकार। तब उम्मीद की एकमात्र रोशनी की किरण यहीं से प्राप्त होने की होती है।*

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जो हुआ, वह पूर्णतः गलत हुआ। ऐसा नहीं होना चाहिए था। लोकतांत्रिक देश में विरोध के तरीके और भी बहुत हैं। देश की सर्वोच्च न्याय संस्था के मुखिया के साथ इस तरह की हरकत सीधे-सीधे न्याय प्रकिया पर हमला है। सीजेआई ने भी उदार हृदय दिखाकर नया उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो निसंदेह न्यायिक अधिकारी के सरल स्वभाव की नई नजीर बनेगा। निसंदेह इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए, पर अब जब हो ही गई तो अब इस पर भी चिंतन जरूरी है। न्यायालय देश के प्रत्येक उस व्यक्ति की सबसे बड़ी उम्मीद है जो हर तरह की व्यवस्था से आहत है। जब कोई सुनवाई नहीं हो रही हो। न प्रशासन सुन रहा हो और न सरकार। तब उम्मीद की एकमात्र रोशनी की किरण यहीं से प्राप्त होने की होती है। न्यायालय द्वारा कहा गया हर एक शब्द पत्थर की लकीर होता है। हर एक शब्द अक्षय बन जाता है। हजारों, लाखों नाउम्मीद लोगों को उस एक शब्द से न्याय की आस बंध जाती है। तभी तो साफ सुनने को मिलता है कि कोई बात नहीं यहां सुनवाई नहीं हुई, कोर्ट तो मेरी बात सुनेगा।भारत एक धर्मपरायण देश है। विभिन्न प्रकार की धार्मिक आस्थाओं का यहां प्रभाव है। देश का बहुत बड़ा तबका धर्म-कर्म के सार्थक-निरर्थक कथन पर खड़ा होने में देर नहीं लगाता। धर्म के प्रति समर्पण हमारा सामान्य स्वभाव है। भगवतगीता में कहा गया है कि - श्रद्धावान्ल्लभते ज्ञानं तत्पर संयतेन्द्रिय,

ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति।

भाव है कि श्रद्धा रखने वाले मनुष्य, अपनी इन्द्रियों पर संयम रखने वाले मनुष्य, साधनपारायण हो अपनी तत्परता से ज्ञान प्राप्त करते हैं, फिर ज्ञान मिल जाने पर जल्द ही परम-शान्ति को प्राप्त होते हैं। इसी तरह चाणक्य नीति का प्रसिद्ध श्लोक है -

यो धर्मं सत्त्वसंपन्नं सततं चानुपश्यति

न स पापेषु लिप्येत पद्मपत्रमिवाम्भसा॥

जो व्यक्ति सत्त्वसंपन्न होकर हमेशा धर्म का पालन करता है, वह कमल के पत्ते की तरह जल से अछूता रहता है, उसी तरह वह पापों में नहीं लिप्त होता। आचार्य चाणक्य के अनुसार, धर्म मनुष्य का स्वाभाविक कर्तव्य और नैतिक आचरण है, जो उसे समाज में अपनी भूमिका निभाने और दूसरों के लिए सही कार्य करने में मदद करता है। धर्म के बिना जीवन निरर्थक है और इसके द्वारा व्यक्ति अपने यश को अमर कर सकता है, क्योंकि धर्म ही उसे मृत्यु के बाद भी जीवित रखता है। सत्य, प्रिय और हितकर वाणी का प्रयोग ही धर्म है, और दान-पुण्य तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन ही वास्तविक धर्म है। ऐसे में धर्म के प्रति देश में अगाध आस्था है। इसके देश में बहुत से उदाहरण हैं। युनेस्को की विश्व धरोहरों में अपना विशेष स्थान रखने वाले खजुराहो के एक मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण की याचिका पर सीजेआई के बयान में कितनी सच्चाई है। इस पर चर्चा करना अब बेमानी है। पर जिस तह से इसका प्रसार हुआ इससे धर्मप्रेमियों में नाराजगी की कोई कमी नही रही। हालांकि यहां यह भी बात गौर करने लायक है कि बयान से विवाद खड़ा होने के बाद सीजेआई ने भी स्पष्ट रूप से कहा कि वे सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं, आईपीएस मनीष त्रिपाठी जो कि आजकल चितौडगढ़ जिले में अपनी सेवाओं से जनता में विश्वास व अपराधियों में भय बनाए हुए हैं आरपीएस से आईपीएस में पद्दोन्नत होने के बाद मनीष त्रिपाठी को सरकार ने झुंझुनू जैसे जिले की बागड़ोर एसपी के रूप में दी व उन्होनें उसे निभाया। लगातार एसपी शिप जारी है जोकि इस बात की गवाही दे रही है कि मनीष जी अपने दायित्वों व कत्र्वयों के प्रति निष्ठावान हैं। 15 अगस्त सन 1971 को जयपुर में जन्में मनीष शुरू से ही ऊर्जावान रहे हैं। आरपीएस के रूप में राजस्थान पुलिस बेड़े में शामिल हुए कई जिलों में डिप्टी एसपी व कई जिलों में एडिशनल एसपी रहे और जबरदस्त कार्रवाही कर खाकी के इकबाल को बुलंद किया। आज पुलिस अधीक्षक, चित्तौडगढ़. पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये पुलिस अधीक्षक, राजसमन्द। पुलिस अधीक्षक, केकड़ी। पुलिस अधीक्षक,इन्टेलिजेन्स, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, टोंक। पुलिस अधीक्षक, एसओजी जयपुर। पुलिस अधीक्षक, झुन्झुनू रहे हैं। 15 अगस्त सन 2021 को इन्हे इनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यो के लिए पुलिस पदक से नवाजा भी गया था। आप अलवर डिप्टी एसपी रहे और उस समय आपकी कार्यशैली को काफी करीब से देखने का मौका मिला। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



मनीष त्रिपाठी
(आईपीएस -एसपी चितौडगढ़)

**रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# रोज खाएं एक आंवला और रहें 5 बड़ी बीमारियों से दूर, जानें खाने का सही तरीका

भारत की धरती पर आंवला को आयुर्वेद का अमृतफल कहा गया है। छोटा सा यह फल जितना खट्टा होता है, उतना ही सेहत के लिए मीठा वरदान भी है। आंवले में विटामिन ष्ट की मात्रा किसी भी अन्य फल से कई गुना अधिक होती है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती है। अगर आप रोजाना सिर्फ एक आंवला खाने की आदत डाल लें, तो आप कई गंभीर बीमारियों से स्वाभाविक रूप से दूर रह सकते हैं। आंवला सिर्फ एक फल नहीं, बल्कि सेहत का खजाना है। यह शरीर को भीतर से मजबूत बनाता है और कई बीमारियों से प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करता है। अगर आप भी फिट और स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो आज से ही हर दिन एक आंवला खाने की आदत शुरू करें । ये छोटी सी आदत, बड़ी सेहत का राज बन सकती है। आइए जान लेते हैं कि रोजाना एक आंवला खाने से आप कौन-कौन सी बीमारियों से दूर रह सकते हैं।

**इम्यूनिटी बूस्टर और संक्रमण से रक्षा :** आंवले में मौजूद विटामिन सी, एंटीऑक्सिडेंट्स और फ्लेवोनॉयड्स शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं, जिससे सर्दी-जुकाम और मौसमी संक्रमणों से बचाव होता है। अगर आप रोजाना एक आंवला खाते हैं तो इससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी और रोग आपसे दूर रहेंगे। खासतौर पर सर्दी के मौसम में आंवला खाने से सर्दी-जुकाम जैसी बीमारी दूर रहती है।

**-डायबिटीज और ब्लड शुगर नियंत्रण में सहायक :** गलत खानपान और बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल की वजह से हर तीसरे घर में शुगर और डायबिटीज के रोगी मिल रहे हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में अच्छे सम्मान की प्राप्ति होगी और आपको अपने अच्छे कामों के लिए जाना जाएगा।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर किसी काम को करने के लिए रहेगा। आप जल्दबाजी में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। आपकी मेहनत रंग लाएगी। आप किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें।

**मिथुन**
आज आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपको अपनी जरूरत की चीजों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने खर्चों को उतना ही बढ़ाएं, जितना कि आप उठा सकें, इसलिए किसी से धन उधार लेने से बचें।

**कर्क**
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए कुछ रूपयों का इंतजाम भी करना पड़ सकता है।

**सिंह**
आज आप अपने व्यवसाय में कुछ बदलाव करने की सोचेंगे। कोई कानूनी मामला आपको खुशी देगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**कन्या**
आज का दिन आपको एक नई उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है। आप अपने साथी से नाराज हो सकते हैं।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए रहेगा। आपको अपने भाई-बहनों की बातों को नजरअंदाज नहीं करना है, क्योंकि वह आपको काम को लेकर कोई अच्छी सलाह दे सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप किसी के कहने में आकर समस्याओं में पड़ सकते हैं। आज आपको परिवार में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढने के लिए रहेगा। आप लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, लेकिन आपके मन में किसी बात को लेकर संशय बना रहेगा। यदि ऐसा हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें।

**मकर**
आज आप पार्टनरशिप में किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए आपको अपने आंख-कान खुले रखने होंगे, क्योंकि इससे आपकी समस्याएं बढ़ेंगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके अंदर ऊर्जा रहने से आप प्रत्येक कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे, लेकिन आप किसी दूसरे के मामले में ना बोले, तो बेहतर रहेगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आएगा। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों में गड़बड़ी करेंगे। आप आलस्य दिखाएंगे, जिससे आपके काम लंबे समय के लिए लटकते चले जाएंगे।

## खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई,पीपलदा में खाद्य प्रतिष्ठान किया सीज

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सीएमएचओ सवाई माधोपुर डॉ अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में फूड सेफ्टी ऑफिसर वेद प्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम की टीम ने छापेमार कारवाही की। टीम ने पिपलदा में विमल कुमार राजकुमार की दुकान का निरीक्षण करने पर भयंकर अनिमिताए देखने को मिली।

निरीक्षण में खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा खाद्य अनुज्ञा पत्र मोके पर उपलब्ध कराने में असमर्था दिखाई ,जो कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 विनियम 2011 का उलंघन है। इसके अलावा फूड हैंडलर्स के मेडिकल रिपोर्ट उपलब्ध नहीं करवा पाए ।पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट भी मोके पर नहीं पाया गया ।फ़ूड आइटम्स खुले कट्टों में रखे थे जो कि जमीन पर रखे हुए थे । ख़ाफ़ी मात्रा में एक्सपायरी डेट के तेल,मसाले (70से 80 किलो)मिले जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया तथा सभी कमियों को देखते हुए खाद्य प्रतिष्ठान को सीज़ किया गया । वहीं वनस्पति व लालमिर्च पाउडर के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए गए। टीम की कारवाही को देखकर मित्रपुरा व पिपलदा के अधिकतर व्यापारी अपनी दुकानें बंद करके भाग गए। टीम ने पिपलदा में ही अग्रवाल मिष्ठान भंडार से बर्फी व लड्डू के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए। इसके बाद टीम भाडोती में पहुंची जहां से टीम ने 20 किलो कलर युक्त जलेबी व 30 किलो यूज्ड ऑयल को मोके पर नष्ट करवाया ।सभी नमूने खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए। लिए गए सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाया गया !लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी ।टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्विया व खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितेश गौतम शामिल रहे।

## खाद्य पदार्थों के लिए नमूने, लगभग 2500 किलो शुगर बुरा किया सीज

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेश भर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। मिलावट खोरो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। राज्य सरकार की मंशा अनुरूप शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीमती कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा गठित टीम ने विमल ट्रेडिंग कंपनी निवाई के गोदाम पर छापा मारकर शुगर गोल्ड बुरा न्यूट्री हेल्थ लाइफ ब्रांड का नमूना लेकर शेष बचे हुए लगभग 2523 किलोग्राम शुगर बुरा को जांच रिपोर्ट आने तक नियमानुसार सीज कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्दगी दी गई। शुगर गोल्ड बुरा न्यूट्री हेल्थ लाइफ ब्रांड की पैकिंग पर उपयोग में लेने की तिथि व निर्माता फर्म का पूर्ण पता अंकित नहीं था, साथ ही बुरा गोदाम में बिना रैक,पलेट पर अखाद्य खल कंकड़ों के साथ रखा हुआ पाया गया। फर्म मालिक को द्घह्यह्यड्ड एक्ट के अंतर्गत दिया जाएगा इंप्रूवमेंट नोटिस। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया की दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाएं अधिकाधिक पौधे- दिलीप इसरानी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई(का.स.)।** श्रीराधा दामोदर मंदिर परिसर में पंचवटी की स्थापना की गई। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, पूर्व पालिका अध्यक्ष गिरधारीलाल पंडा, मंदिर समिति के अध्यक्ष रामलाल पंडा, राधे कान्त पंडा, अंकित पंडा, विनोद शर्मा, वन चेतना प्रभारी रामफूल शर्मा व शंकरलाल सैन ने पंचवटी में कल्पवृक्ष, कदम, अशोक व बिल्व पत्र के पौधे लगाए। इस अवसर पर राज बिहारी पंडा ने अपनी मां के नाम एक पौधा लगाया तथा लगाए गए सभी पौधों की रक्षा, सुरक्षा व पालन पोषण की जिम्मेदारी ली। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने चाहिए। पूर्व पालिका अध्यक्ष गिरधारीलाल पंडा ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार है। इसलिए सभी को पौधे लगाने चाहिए।

## अनीमिया से बचाने के लिए पिलाई आयरन की खुराक

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच, उपचार तथा एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं।

**बॉलीवुड म्यूज़िकल नाइट कार्यक्रम में उमड़े लोग**

# अपनी तो ऐसे वैसे कट जाएगी, तुम्हारा क्या होगा जनाबे आली...

बढ़ता राजस्थान



**निवाई(का.स.)।** प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पन्या सेपट व योगेश रजवाड़ा, बॉलीवुड डांस ग्रुप, पिहू जैन एंड डांस ग्रुप द्वारा कई सांस्कृतिक व राजस्थानी कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इसी प्रकार बॉलीवुड प्लेबैक द्वारा नए-पुराने नगमों की प्रस्तुतियां सहित कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई जिसको देखने के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से महिला व पुरूषों की भीड़ उमड़ पड़ी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा व अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम में मानसिंह गौरा सिंह के सानिध्य में बोम्बे की डांसर पीहू जैन द्वारा बॉलीवुड म्यूजिकल डांस सहित कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कलाकरों ने सात समन्दर पार मै तेरे पीछे पीछे आ गई, टिंकू जिया, इश्क का मंजर, अपने तो आगे ना पीछे, ना कोई ऊपर नीचे, अपनी तो ऐसे वेसे कट जाएगी, तुम्हारा क्या होगा जनाबे आली, शादी करा दो उसकी शादी करा दो, डोली सजा दो उसकी डोली सजा दो, आशिक मिला ना उसको अपनी पसंद जैसा, महबूबा महबूबा ओ मेरी महबूबा, तुझे जाना है तो जा, यमला पगला दिवाना, दीवानी मस्तानी, आज भी है पानी पानी, तेरी मलमल की कुर्ती गुलाबी हो गई, यारा तेरी यारी को, याद करेगी दुनिया, तेरा मेरा अफसाना, इक परदेशी मेरा दिल ले गया, मोटी मोटी आंखों आंसू दे गया, जिसकी बीवी मोटी उसका भी बडा नाम है, बिस्तर पर लेटा दो गद्दे का क्या काम है सहित कई सुपर डूपर एवं राजस्थानी लोक गीतों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाई व नृत्य किया। कार्यक्रम में कलर टीवी फैन कोमेडियन ने बॉलीवुड के कई कलाकारों की आवाजों की नकल करके लोगों का खुब मनोरंजन किया। इस अवसर पर परसराम कुमावत, गिर्राज चौधरी, मंगलराम मीणा, रमेश सैनी, संजय रैगर, शंकरलाल सैनी, रामविलास बलाई, जीतू विजय, वंशप्रदीप पारीक, घासी अग्रवाल, कैलाश नटवाडा, मौला सेन, रतनदीप गुर्जर, मदनलाल वर्मा, राजेन्द्र चौधरी, मोहित संमति, जयनारायण कुमावत, लालचन्द सैनी, अविनाश पारीक, आनन्द पारीक व जीतू धारवाल सहित कई पार्षद व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय अखिल भारतीय कैलीग्राफ़ी आर्ट फेस्टिवल, वर्कशॉप एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** मौलाना अबुल कलाम आज़ाद अरबी फारसी शोध संस्थान में 7 से 11 अक्टूबर तक चलने वाले पांच दिवसीय अखिल भारतीय कैलीग्राफ़ी आर्ट फेस्टिवल, वर्कशॉप एवं प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह का आयोजन मंगलवार को हुआ।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक टोंक राजेश कुमार मीना रहे। उन्होंने प्रदर्शनी एवं डिस्प्ले हॉल के अवलोकन के पश्चात अपने संबोधन में कहा कि संस्थान में पुरातत्व एवं कला के नमूने देखकर उन्हें अपने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दिन याद आ गये। जिसमें इतिहास एवं कला की पाठ्यपुस्तकों में प्राचीन भारत की विभिन्न कलाओं का उल्लेख था।

संस्थान की निदेशक ने कैलीग्राफ़ी आर्ट फेस्टिवल, वर्कशॉप एवं प्रदर्शनी एवं संस्थान की प्रगति के बारे में विस्तार से विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगीता राठौड़, वित्तीय सलाहकार, जयपुर ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कैलीग्राफिस्ट मुख़्तार अहमद ने बताया कि कैलीग्राफी की कला व्यक्ति को अनुशासन में रहना सिखाती है एवं इसमें वह सभी तत्व मौजूद हैं जो एक सफल जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी ओमप्रकाश गुप्ता ने संस्थान के विकास के लिए राजस्थान सरकार द्वारा हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इस अखिल भारतीय फेस्टिवल में दिल्ली से आये कैलीग्राफिस्ट अब्दुर्रहमान, मुहम्मद जुबैर, हैदर अनस, मुश्ताक अहमद, अज़ीमुद्दीन, हरिशंकर बालोठिया एवं स्थानीय कैलीग्राफ़िस्ट वर्कशॉप में पांच दिन तक अपनी कला के नमूने प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जिया टोंकी ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में डॉ. सैय्यद बदर अहमद ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## रैली निकालकर कन्या भ्रूणहत्या रोकने का संदेश दिया

बढ़ता राजस्थान




**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय-सवाई माधोपुर के तत्वावधान में गीता देवी अग्रवाल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर 'अ' में कन्या भ्रूणहत्या रोकथाम जागरूकता रैली निकाली गई।

जिला स्काउट सचिव रूप नारायण गुर्जर ने बताया कि हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य के वार्षिक कार्यक्रमानुसार जिला मुख्यालय-सवाई माधोपुर के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर स्काउट भरत लाल प्रजापत के निर्देशन में कन्या भ्रूणहत्या रोकथाम हेतु श्रीमती प्रतिभा पाठक गाइड कैप्टन के नेतृत्व में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। अतिथियों द्वारा रैली को विद्यालय प्रांगण से रवाना किया गया,जिसमें कन्या भ्रूण हत्या महापाप है, बेटी नहीं तो बहू कहां से लाओगे, सेव द गर्ल चाइल्ड, बेटी है कुदरत का वरदान इत्यादि जन जागरूकता के नारे लगाते हुए आदर्श नगर 'अ' कॉलोनी की समस्त गलियों में होते हुए बाबा टी स्टॉल से वापस विद्यालय प्रांगण में जाकर रैली संपन्न हुई।

प्रधानाचार्य सोनम पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या महापाप है। इसी के साथ कानूनी अपराध भी अगर कोई ऐसा जुर्म करता हुआ पाया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना कंट्रोल रूम एवं टोल फ्री शिकायत नंबर 181 पर अवश्य दें ताकि एक बेटी को जन्म लेने से पहले ही खत्म होने से बचाया जा सके। रैली में जिला ऑर्गेनाइजर (स्काउट) भरत लाल प्रजापत, जिला सचिव रूप नारायण गुर्जर, ब्लॉक सचिव प्रेमसुख मीना, उप प्रधानाचार्य धनराज मीना, अनीता वर्मा, रामावतार, रामेश्वर लाल मीणा, इकामुद्दीन, खुशबू कुमावत, कोमल वर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं विद्यालय की रेंजर्स गाइड्स व छात्राओं ने भाग लिया।

## सेवा शिविर में 15 लाभार्थियों को मिली पीएम आवास योजना की प्रथम किश्त




बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में आयोजित हो रहे शहरी सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का समाधान हो रहा है। साथ ही उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ मिल रहा है। राहत मिलने पर लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री और राजस्थान सरकार का आभार जताया जा रहा है। नगर परिषद टोंक में मंगलवार को आयोजित शिविर में आयुक्त धर्मपाल जाट ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 15 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में पचास-पचास हजार रूपयों की सहायता राशि के चेक प्रदान किये।

इसके साथ ही कृषि भूमि नियमन के 12 नवीन आवेदन तथा 69 क की एक पत्रावली प्राप्त की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत 3 नये आवेदन प्राप्त हुए एवं बैंक द्वारा एक आवेदक को ऋण स्वीकृत किया गया।

## वस्त्र व्यापार कमेटी शहर सवाई माधोपुर ने आयुक्त को मार्केट की समस्याओं के समाधान लिए दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** शहर वस्त्र व्यापार समिति सवाई माधोपुर ने आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे शहरी सेवा शिविर के दौरान नगर परिषद आयुक्त को व्यापारिक समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा। समिति के प्रवक्ता विष्णु अग्रवाल एवं सचिव रूपेश नामा ने बताया कि पुराने शहर के सब्जी मंडी, न्यू मार्केट, पुराना खंडार रोड एवं सदर बाजार क्षेत्रों में व्यापारियों और ग्राहकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए समिति अध्यक्ष राजेश गोयल के नेतृत्व में ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से शौचालय व्यवस्थाकी मांग की गई, क्योंकि न्यू मार्केट और खंडार रोड क्षेत्र महिला वस्त्र व्यापार का केंद्र है, जहाँ महिला ग्राहकों की अधिक आवाजाही रहती है, लेकिन अब तक यहाँ कोई स्थायी शौचालय नहीं है। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई गई, क्योंकि बढ़ते यातायात और भीड़ के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। ज्ञापन में व्यवसायिक कॉम्प्लेक्सों में शौचालय सुविधा, पुराने तहसील भवन एवं गर्ल्स कॉलेज क्षेत्र के पुनर्विकास** की मांग भी शामिल थी। समिति ने सुझाव दिया कि इस क्षेत्र को पर्यटन म्यूजियम या हेरिटेज मार्केट कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित किया जाए, जिससे व्यापार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिल सके।

इसके अतिरिक्त, आवारा पशुओं, गंदगी और कचरे के जमाव तथा सुरक्षा व्यवस्था की समस्याओं पर भी ध्यान आकर्षित किया गया। त्योहारों के समय भीड़ को देखते हुए दो स्थायी सुरक्षा गार्डों की तैनाती की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष राजेश गोयल, महामंत्री रूपेश नामा, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंघल, ऋषभ जैन, पार्षद रवि नामा सहित अन्य व्यापारिक बंधु उपस्थित रहे।

**परिवादी ने कहा -जेब में खर्चे की राशि भी नही बची ,तो आरोपी ने दिरियादिली दिखाते हुए रिश्वत की राशि से 500 रूपए परिवादी को दिए**

# पंचायत समिति अलीगढ़ का जेटीए संविदाकर्मी विक्रम कुमावत 15 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया

बढ़ता राजस्थान




**टोंक (का.स.)।** जिले की पंचायत समिति अलीगढ़ में कार्यरत जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट संविदाकर्मी विक्रम कुमावत को मंगलवार को 15हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक इकाई ने मंगलवार को कार्यवाही करते हुए आरोपी विक्रम कुमावत निवासी ग्राम गांबडी पुलिस थाना नीम का थाना जिला सीकर, हाल जूनियर टेक्नीकल असिस्टेन्ट संविदाकर्मी पंचायत समिति अलीगढ़ को 15000 रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा है। एसीबी की टोंक इकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली थी कि परिवादी के पिताजी के नाम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत वर्ष 2022-2023 में खेत में मेंढबन्दी, तालाब की पाल मिट्टी डालना , बागवानी, पशु आश्रय निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत हुआ था। जिसमे से कुछ कार्य हो चुका है तथा कुछ कार्य शेष है। 16 सितंबर से 30 सितंबर तक हुए कार्य की मस्टरोल भरी जा चुकी थी.लेकिन आरोपी विक्रम कुमावत जेटीए संविदाकर्मी पंचायत समिति अलीगढ़ जिला टोंक द्वारा माप पुस्तिका भरने की एवज में 18000 रूपये की रिश्वत राशि मांग करके परिवादी को परेशान किया जा रहा था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबरमल ने 3 अक्टूबर को दौराने सत्यापन आरोपी द्वारा 18000 रूपये रिश्वत राशि की मांग करके परिवादी द्वारा कम करने की कहने के बाद 15000 रुपए रिश्वत की मांग की थी। साथ ही रिश्वत राशि देने के बाद ही परिवादी का काम करने के लिए कहा गया। जिसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबर मल ने मंगलवार को ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी विक्रम कुमावत हाल जूनियर टेक्नीकल असिस्टेन्ट संविदाकर्मी को परिवादी से 15000 रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा है।

टोंक इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबर मल ने बताया कि आरोपी को रिश्वत देते समय परिवादी ने खर्चे की राशि नहीं होने की बात कही तो आरोपी ने परिवादी को खर्च के लिए 500 रूपये रिश्वत राशि में से वापस लौटा दिए। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ के बाद उसको भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज करके अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा ।

## बानसूर में बाल्मीकि जयंती पर भव्य शोभायात्रा, समाज ने दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बाल्मीकि समाज की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग, महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा मुख्य बाजार, बस स्टैंड, हरसौरा रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। पूरे मार्ग में भक्ति संगीत, झांकियों और जयघोषों के साथ श्रद्धालु झूमते नजर आए।

कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और समाज में दिए योगदान पर प्रकाश डाला। बच्चों ने भी महर्षि वाल्मीकि के चरित्र पर आधारित झांकियां प्रस्तुत कीं, जिन्हें देखकर लोगों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उत्साह बढ़ाया। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर समाज के लोगों का पुष्प वर्षा से अभिनंदन किया गया।

## वाल्मीकि समाज के हाथों भोजन कर संघ कार्यकर्ताओं ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** हिन्दवः सोदराः सर्वे, न हिन्दू पतितो भवेत् उक्त भावों को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने वाल्मीकि समाज के लोगों के हाथों भोजन ग्रहण कर सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। युवा कार्यकर्ता नरेश योगी ने बताया कि मंगलवार को राजगढ तहसील के ग्राम ढिगावड़ा में महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का मार्ग में सर्व समाज द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसी अवसर पर हिंदू सम्मेलन में जूना अखाड़ा के संत पवन गिरी तथा साध्वी परमेश्वरी गिरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अलवर जिला संघचालक अशोक मित्तल, विभाग प्रचारक अक्षय, घुमंतू कार्य प्रमुख सतीश, राजगढ खंड कार्यवाह महेंद्र सैनी, भारतीय मजदूर संघ प्रदेश मंत्री पीयूष आदि ने हिंदू समाज की एकजुटता और जागरूकता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रेम हरिजन ने ऐसे आयोजन की सराहना करते हुए युवाओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा एक मंदिर निर्माण हेतु जमीन देने की मांग भी की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ढिगावड़ा सरपंच कमलेश मीणा, पूर्व सरपंच सुरेश कोली, भूतपूर्व सैनिक जनार्दन सिंह, शेरसिंह, बनवारी जांगिड़, महेश, महेंद्र, प्रभु, वार्ड पंच भूपेंद्र वर्मा, प्रदीप मीणा, अनिल तथा करण सहित अन्य युवा, बुजुर्ग एवं मातृ शक्ति उपस्थित रही।

## बोरिंग चालू करवाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के समीपवर्ती पलवा ग्राम पंचायत के गांव माधोगढ़ में ग्रामीण लम्बे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि माधोगढ़ में ग्राम पंचायत द्वारा बोरिंग करवाकर उसमें पम्प सैट आदि लगा दिये परन्तु स्थानीय सरपंच तथा जलदाय विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण दस्तावेजों की पूर्ति करके पम्प सेट कमजोर लगा दिये जिससे बोरिंग में अभी तक जलापूर्ति नहीं हो सकी, जिसके कारण ग्रामीण पेयजल संकट से परेशान हैं। ग्रामीण रामकेश प्रजापत, रामलाल प्रजापत, महेंद्र सिंह आदि ने बताया कि ग्रामीणों को पीने का पानी के करीब 2 किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है। इससे ग्रामीणों को प्यासे मरने की नौबत आ गई है। पालतू पशुओं को भी 2-3 किलोमीटर दूर से निजी बोरिंग से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में बोरिंग होने के बावजूद ग्रामीणों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है। पूर्व में उपखंड अधिकारी 18 अगस्त को ज्ञापन दिया था जिसमें सरपंच द्वारा 27 अगस्त तक पानी उपलब्ध करवाने का समय दिया था लेकिन आज तक ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पेयजल समस्या का समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान रामकेश प्रजापत, रामलाल प्रजापत, महेंद्र सिंह, बत्तो देवी, संतों देवी, अनिता, गुड्डी आदि उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय 3 दिवसीय विज्ञान मेला आज से, 369 प्रतियोगियों ने कराए आन लाइन रजिस्ट्रेशन

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** राजस्थान राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद आर एस सी ई आर टी उदयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय विज्ञान मेला 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक डीग के महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित किया जावेगा। जिसमें विज्ञान के जूनियर और सीनियर मॉडल, सेमिनार एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज शर्मा ने बताया है कि मेले में भाग लेने के लिए अभी तक 369 प्रतियोगियों द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाएं गए हैं ।उन्होंने ने बताया कि विज्ञान में मेले का उद्घाटन बुधवार को प्रातः 11 बजे होगा। जिसमे 8 अक्टूबर को क्विज प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग राउंड का आयोजन किया जाएगा। 9 अक्तूबर को 3 ग्रुपों में द्वितीय राउंड की प्रतियोगिता होगी ।इनमें से प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों का अंतिम राउंड 10 अक्टूबर को होगा। विज्ञान मेले के सफल आयोजन के लिए 50 कर्मचारियों और 30 निर्णायको को लगाया है।

### जिला कलक्टर ने ली जिला निष्पादन समिति समीक्षा बैठक

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु 61.5 लाख रूपये की राशि से होंगे स्कूलों में स्मार्ट टीवी, डिजिटल लैब व गर्ल्स टॉयलेट जैसे कार्य

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादन समिति की बैठक लेकर प्रोजेक्ट ई-विद्या, बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्ययोजना एवं मिड-डे मील योजना की समीक्षा कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### विशेष अभियान के माध्यम से बोर्ड परीक्षा परिणाम में करें सुधार

बैठक में जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष फोकस करते हुए विद्यार्थियों का लर्निंग आउटकम बढ़ाने का प्रयास करें। इसके लिए उन्होंने निर्देश दिए कि विशेष अभियान के माध्यम से बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों की श्रेणी निर्धारित की गई ए, बी व सी श्रेणी में अपग्रेडेशन किया जावे। इसके लिए उन्होंने प्रथम टेस्ट में 40 प्रतिशत तथा अद्र्घ वार्षिक परीक्षा में शत प्रतिशत चिन्हित विद्यार्थी अपनी श्रेणी से अपग्रेड होवे। उन्होंने निर्देश दिये कि इसके लिए प्रत्येक वीक में पढ़ाए गए कंटेंट को टेस्ट लेकर परखें तथा मिशन ज्ञान एप के माध्यम से ई-कंटेंट का प्रयोग कर जटिल विषयों की पढ़ाई को रचनात्मक बनाकर अध्ययन करवाया जाए। साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ संयोगात्मक शिक्षण कराकर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार करावे। उन्होंने निर्देश दिए कि विशेष अभियान के माध्यम से कक्षा 10वीं एवं 12 वीं में बोर्ड परीक्षा परिणामों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ाते हुए इसे प्रतिवर्ष दोगुना करें तथा 12वीं कक्षा के विद्यार्थी विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं जैसे नीट, आईआईटी, एवं क्लैट इत्यादि में सफलता प्राप्त करें, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाए।

### गोलवलकर योजना राशि से रामगढ ब्लॉक के स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा के लिए होंगे कार्य

उन्होंने गुरू गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना की समीक्षा की गई। इस योजना के तहत चयनित अलवर जिले के ब्लॉक रामगढ में शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार के लिए राज्य सरकार से प्राप्त राशि 61.5 लाख रूपये से 90 स्कूलों में स्मार्ट टीवी लगेंगे, 20 स्कूलों में जहां छात्राओं की संख्या अधिक है एवं टॉयलेट ठीक स्थिति में नहीं है वहां टॉलेट्स का अपग्रेडेशन, 2 स्कूलों में लर्निंग एक्टिविटिज तथा एक स्कूल में डिजिटल लैब बनेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि इस राशि का सदुपयोग इस प्रकार से किया जावे कि जिससे विद्यालय के विकास के साथ विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में उच्च स्तरीय सुधार होवे।

### योजना की समीक्षा की

जिला कलक्टर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्ता युक्त खाना उपलब्ध हो इसके लिए प्रत्येक माह की 7 तारीख तक खाद्य सामग्री की आपूर्ति, कुक कम हेल्पर का समयबद्घ भुगतान तथा खाद्य सामग्री का उचित रखरखाव सुनिश्चित करावें। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को और अधिक पोषण युक्त खाद्य सामग्री हेतु विद्यालयों में न्यूट्रिशन गार्डन विकसित करावें। बैठक में एडीएम द्वितीय श्री योगेश डागुर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री महेश कुमार गुप्ता, एडीपीसी श्री मनोज शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक श्री महेश मेहता सहित समस्त सीबीईओ एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य व व्यसन मुक्ति कार्यशाला का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गायत्री परिवार अलवर की ओर से मंगलवार को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बाल भारती टीटी कॉलेज के डॉ रूपराम यादव जी के सहयोग से कॉलेज ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य व व्यसन मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया साथ ही स्वास्थ्य व व्यसन मुक्ति संबंधित व्याख्यान किये गये। कॉलेज ऑडिटोरियम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने कार्यशाला का लाभ लिया। कार्यक्रम मे गायत्री परिवार से डॉ सरोज गुप्ता मु.प्र.ट्र.,गायत्री परिवार अलवर ने बताया कि आज स्वास्थ्य की दृष्टि से डब्लू एच ओ के अनुसार बहुत कम विद्यार्थी व युवा ही स्वस्थ है। आज के युवाओं को मानसिक बीमारियों से बचने की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। वही गायत्री परिवार के सेवाभावी होम्योपैथिक फिजिशियन डॉ आदित्येन्द्र विजय जो समय समय पर अलवर शहर में नशामुक्ति शिविरों में जाकर नशे से पीडित्त लोगों की काउंसलिंग करते है तथा निःशुल्क दवाएं भी प्रदान करते है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति कभी भी प्रथम बार नशे की सामग्री खरीदने दुकान पर नहीं जाता बल्कि, उसके इष्ट मित्र उसको नशा करना सिखाते है। अतः अच्छे मित्रों का चुनाव अति आवश्यक है।श्री मुरारी लाल शर्मा सहायक मु.प्र.ट्र गायत्री परिवार अलवर ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जीवन में समय संयम का विशेष अभ्यास करना चाहिए। युवा प्रभारी, युवा संगठन( दिया ) जितेंन्द्र यादव व कार्यकर्ता आदर्श शर्मा ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

गौरतलब है कि गायत्री परिवार भी सेवा पखवाड़ा में शहर में विभिन्न कार्यक्रम करायेगा। सेवा पखवाड़ा एक सामाजिक सेवा अभियान है, जो स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा पहल का प्रमुख हिस्सा माना जाता है।

### आईजी राहुल प्रकाश आए अलवर

## जन परिवेदनाओं व अपराध पर अंकुश लगाए जाने के निर्देश दिए



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मंगलवार को जयपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश अलवर पधारे। जहां उनकी अगुवाई में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सहित डिप्टी एसपी और सभी थाना प्रभारी ने अगुवाई कर उनका स्वागत किया।

इस दौरान उन्हें पुलिस टीम की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। कोतवाली में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल की ओर से आईजी राहुल प्रकाश का बुके देकर स्वागत किया गया । इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई भी की और लोगों की परी वेदनाएं भी सुनी। व्यापारिक संगठनों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह त्यौहार का सीजन है आप लोग अपने शहर को अपराध मुक्त और साफ सुथरा बनाए रखने की पहल कीजिए, राजस्थान पुलिस का हर जवान आपके साथ है। इधर जिला एसपी सुधीर चौधरी ने भी अपने उद्बोधन में आईजी राहुल प्रकाश के निर्देश की पालना करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहर में अपराध रोकने की श्रेणी में एक और कदम बढ़ाया है जहां अखेपुरा पुलिस चौकी को थाना बना दिया गया है, जहां कोतवाली का लोड कम होगा उसके साथ ही अपराध पर अंकुश लगेगा । इधर जिला एसपी सुधीर चौधरी ने साइबर संग्राम के तहत की गई कार्यवाही का ब्यौरा भी आईजी राहुल प्रकाश को दिया।

## ‘7 का साथ’ रक्तदान शिविर का 100 वॉ कैम्प आयोजित हुआ




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर पिछले 8 वर्षों से नियमित रूप से हर माह ‘7 का साथ स्वैच्छिक रक्तदान’ शिविर का आयोजन कर रहा है । 7 का साथ का 100 वॉ रक्तदान शिविर सरिस्का फन सिटी में आयोजित किया गया ।7 का साथ के संयोजक विकास गुप्ता ने एस डी पी दिया व बताया कि रक्तदान शिविर मे सरिस्का फन सिटी के सहयोग से 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान व 1 एस डी पी दान किया । सभी रक्तदाताओं को सरिस्का फन सिटी वाटर पार्क का पास व रक्तदाता सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। सरिस्का फन सिटी के डायरेक्टर सुनील नरुका ने रक्तदान करते हुए सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया व समय समय पर रक्तदान करने का आग्रह किया।

## सेवा पखवाड़े के अंतर्गत हुई व्याख्यानमाला

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गायत्री परिवार ट्रस्ट करौली कुण्ड अलवर के युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित किए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज दिनांक 7/10/25 को सुबह श्री जैन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय अलवर में पर्यावरण संरक्षण, नशा निवारण तथा भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए व्याख्यान माला सम्पन्न हुई।

गायत्री परिवार सप्त अभियानों में शामिल जल एवं पर्यावरण संरक्षण, नशा निवारण तथा साधना से संस्कारों के बीजारोपण आदि विषयों पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करने का कार्य कर रहा है। युवराज प्रताप सिंह मैमोरियल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ आदित्येन्द्र विजय जी ने युवा वर्ग में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति से समाज को होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया,जाने माने पर्यावरणविद श्री राजदीप शर्मा जी ने भावी पीढियों के लिए जल आदि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता समझाई वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ सदस्य श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता, श्री राधा रमण विजय जी ने भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को पोषित करने के लिए युवा वर्ग का आव्हान किया। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस व्याख्यानमाला में लगभग दो सौ अभ्यर्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ अनीता सोनी जी ने गायत्री परिवार द्वारा युवाओं में सांस्कृतिक अभिरुचि पैदा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए आगे भी सहयोग करने का आश्वासन दिया।



### लोको पायलट व गार्ड का सम्मान

# राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर मालानी एक्सप्रेस का हुआ ठहराव

### गाडियों के ठहराव व आरओबी निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को बाड़मेर-दिल्ली सुपरफास्ट मालानी एक्सप्रेस का राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव हुआ। अमृत भारत योजना के अंतर्गत चयनित इस स्टेशन पर ट्रेन के रुकने पर लोको पायलट और गार्ड का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता बन्नाराम मीना, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित और वरिष्ठ नेता प्रेमनाथ धामाणी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं और स्थानीय लोगों ने पायलट व गार्ड को साफा पहनाकर तथा माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। ट्रेन के ठहराव से राजगढ़ वासियों को दिल्ली और बाड़मेर की यात्रा में बड़ी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा नेता बन्नाराम मीणा, सहायक वाणिज्य प्रबंधक विश्वनाथ शर्मा, वाणिज्य निरीक्षक अलवर शिवदयाल सिंह, स्टेशन अधीक्षक विजय सिंह, लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार एव सदस्य खेम सिंह आर्य, राजगढ़ विकास समिति के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, सतीश शर्मा, गौरव कसेरा, अभिषेक खंडेलवाल, प्रमोद शर्मा, धर्मचंद सैनी, प्रीति विजय, भजेड़ा सरपंच सीमा मीना, तुलसी शर्मा, जगदीश सैनी, जितेंद्र सैनी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




ट्रैनों के ठहराव के लिए सौंपा ज्ञापन

राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अभिताभ को ज्ञापन भेजकर राजगढ़ रेलवे

# आंगनवाड़ी की छत का प्लास्टर गिरने से तीन वर्षीय बालिका चोटिल

- विधायक कृपलानी ने किया आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण
- चोटिल बच्ची के घर पहुंच कर कुशलक्षेम जानी



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिनोता के भागल द्वितीय गांव स्थित राजकीय विद्यालय भवन में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र की छत का प्लास्टर मंगलवार को अचानक गिर जाने से एक तीन वर्षीय बालिका मामूली रूप से चोटिल हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने घटना स्थल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा चोटिल बच्ची के घर पहुंचकर कुशलता जानी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भागल द्वितीय स्थित आंगनवाड़ी केंद्र एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय एक ही भवन में संचालित हो रहे हैं। मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मैना भील बच्चों को लेकर केंद्र में बैठी हुई थीं, तभी छत का प्लास्टर नीचे गिर पड़ा। इस घटना में गुडिया भील (उम्र 3 वर्ष) को हल्की चोट आई। विद्यालय के शिक्षक सुरेश वैष्णव एवं ग्रामीणों ने तत्काल घायल बालिका को बाइक से बिनोता सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार मेघवाल एवं डॉ. ओमप्रकाश धाकड़ ने प्राथमिक उपचार किया। बाद में उसे निंबाहेड़ा रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही निंबाहेड़ा एसडीएम विकास पंचोली ने चिकित्सकों को बालिका का त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र में कुल 13 बच्चे मौजूद थे, जिनमें से केवल एक बालिका को मामूली चोट लगी, शेष सभी बच्चे सुरक्षित हैं। सूचना मिलने पर पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने चिकित्सकों को उपचार हेतु निर्देशित किया तथा बालिका की स्थिति जानने हेतु स्वयं भागल द्वितीय पहुंचे। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालय भवन का निरीक्षण कर विकास अधिकारी को तुरंत भवन की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए, साथ ही निर्देश दिया कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक संबंधित कक्ष को ताला लगाकर बंद रखा जाए। विधायक कृपलानी बालिका के घर भी पहुंचे और उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोक जाट एवं भाजपा महामंत्री देवकरण समदानी भी मौजूद रहे। बालिका के उपचार के समय विभागीय अधिकारी विजय कुमार एवं मधु मैडम भी चिकित्सालय में उपस्थित थे। उपचार उपरांत बालिका को छुट्टी दे दी गई और विभागीय कार्मिक उसे वाहन से उसके घर तक छोड़ने पहुंचे। घटना की जानकारी पर ग्राम पंचायत प्रशासक ईश्वरलाल मीणा, पटवारी मनोज चौधरी तथा पुखराज चपलोत भी मौके पर पहुंचे। फिलहाल बालिका पूर्णतः स्वस्थ है।

# भवानीमंडी में 10 अक्टूबर से शुरू होगा 'स्वच्छता संकल्प भवानीमंडी अभियान' उपखण्ड अधिकारी श्रद्धा गोमे की अध्यक्षता में हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान



भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)। स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के संकल्प को सरोकार करने हेतु स्वच्छ भारत मिशन की तर्ज पर उपखण्ड क्षेत्र भवानीमण्डी को भी साफ-सुथरा एवं कचरा मुक्त बनाने के मिशन हेतु दिनांक 07 अक्टूबर 25 को दोपहर 3.00 बजे श्रद्धा गोमे, उपखण्ड अधिकारी, भवानीमण्डी द्वारा उपखण्ड क्षेत्र में शहरी एवं ग्रामीण सभी स्वच्छ भारत मिशन इंचार्ज अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में स्वयं मनीष मीणा, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका एवं शहरी क्षेत्र के समस्त जमादारों के साथ उपस्थित रहे। पंचायत समिति भवानीमण्डी से स्वच्छ भारत मिशन की पंचायत समिति इंचार्ज रिंकू व्यास के साथ समस्त ग्राम विकास अधिकारी भी मौके पर बैठक में मौजूद रहे। उपखण्ड अधिकारी भवानीमण्डी द्वारा स्वच्छता के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए घोषणा की गई आने वाले शुक्रवार दिनांक 10अक्टूबर 25 को स्वच्छता संकल्प भवानीमण्डी अभियान की शुरूआत की जावेगी।

### स्वच्छता संकल्प भवानीमण्डी अभियान

1. सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र भवानीमण्डी को पूर्णतया स्वच्छ एवं कचरा मुक्त किया जाना 2. आम-जन के सुविधार्थ वार्ड वार सभी सफाई कार्मिकों उनके इंचार्ज जमादारों और उस क्षेत्र में आने वाली कचरा संग्रहण गाडी और उसका समय सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध करवाया जावेगा।3. शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों की स्वच्छता रैंकिंग प्रत्येक माह जारी की जावेगी।

प्रत्येक वार्ड से वालेंटियर के तौर पर किसी जागरूक एवं कर्मठ स्वच्छता एम्बेसडर 4. प्रत्येक वार्ड से वालेंटियर के तौर पर किसी जागरूक एवं कर्मठ स्वच्छता एम्बेसडर को नियुक्त किया जावेगा ताकि स्वच्छता के प्रति आम जन की जागरूकता को बढावा दिया जाकर आम जन की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। 10 अक्टूबर 25 को प्रातः 10.00 बजे मेला मैदान में समस्त जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थानों,इस अभियान की शुरूआत श्रम दान उत्सव के तौर पर शुक्रवार से स्वंयसेवियों, अधिकारियों एवं आम जन के साथ की जावेगी। साथ ही उपखण्ड अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त शिक्षण संस्थानों, सरकारी विभागों / संस्थानों एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शुक्रवार को स्वच्छता शपथ ली जाकर श्रम दान किया जावे। साथ ही सफाईकार्मिकों को उनके योगदान के लिए स्वच्छता मित्रों के रूप में सम्मानित किया जावेगा।

## महिला आईटीआई के गेट के पास बने कचरा पात्र को हटाया जाए- एसडीपीआई

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी/भीलवाड़ा(नि.स.)।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया भीलवाड़ा विधानसभा अध्यक्ष जाकिर हुसैन मंसूरी ने कहा कि पांसल चौराहा के पास स्थित सरकारी महिला आईटीआई कॉलेज के दरवाजे के बाहर नगर निगम ने कचरा इकठ्ठा करने का कचरा पात्र बना रखा है जो कि महिला आईटीआई कॉलेज के गेट के बिल्कुल पास होने से कचरे की बदबू अंदर तक जाती है और आवारा कुत्ते, गाय ओर सांड का झुंड कचरा पात्र पर लड़ते रहते हैं जिससे महिला आईटीआई में पढने जाने वाली बेटियों ओर महिला विधार्थियों पर गाय, सांड व आवारा कुत्तों द्वारा हमला होने का खतरा बना रहता हैं और आम सडक़ होने से इस पर सांडों के लडने के कारण जाम लग जाता है सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया नगर निगम महापौर ओर आयुक्त से मांग करती है कि इस कचरा पात्र को यहां से हटाकर दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए ताकि कॉलेज की महिला आईटीआई विद्यार्थियों को इस परेशानी से राहत मिले।



## आत्मनिर्भर भारत एक योजना नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलनः सैनी



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने आत्मनिर्भर भारत को केवल एक सरकारी योजना मानने के बजाय, इसे राष्ट्रीय आंदोलन बताया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है, जिसे सफल बनाने में प्रत्येक भारतवासी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। सैनी मंगलवार दोपहर शहर के बीजेपी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में कोरोना काल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'लोकल फॉर वोकल' योजना शुरू की थी, जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

पूर्व मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि आज भारत ने चिकित्सा, रक्षा या कृषि—हर क्षेत्र में पूरे विश्व में अपनी विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि 2020 के बाद से लगातार स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है और विदेशी वस्तुओं का बॉयकॉट किया जा रहा है।सैनी ने इस अभियान के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह न केवल स्थानीय उत्पादों और व्यवसायों को बढ़ावा देकर उन्हें देश-विदेश के हर कोने तक पहुँचाने का अभियान है, बल्कि यह नागरिकों से स्थानीय स्तर पर तैयार वस्तुओं को प्राथमिकता देने का आग्रह करता है, जिससे घरेलू उद्योगों को मज़बूती मिलती है। इस पत्रकार वार्ता में उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, अमित शर्मा, मोहन कराड़ आदि भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कोटा में शुद्ध आहार अभियान के तहत 20 लीटर दूषित तेल नष्ट, 9 नमूने लिए गए

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को कोटा शहर एवं दशहरा मेले में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण डॉ. टी. शुभमंगला और जिला कलक्टर पीयूष समारिया के निर्देशन में तथा सीएमएचओ डॉ. नरेंद्र नागर के नेतृत्व में की गई। टीम ने डकनिया, चंबल इंडस्ट्रियल एरिया, कुन्हाड़ी, सकतपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में 15 से अधिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान नमकीन, चाय, मिठाई, तेल और मसालों के कुल 9 नमूने लिए गए। कुन्हाड़ी स्थित गुरु नानक मिष्ठान भंडार और सकतपुरा स्थित सुदामा मिष्ठान भंडार में तेल की ञक्कष्ट वैल्यू मानक से अधिक पाई गई।

# 'सड़क सुरक्षा में जनसहभागिता को बढ़ावा- राहत वीरों को सम्मानित करने हेतु जिला दुर्घटना राहत समिति का गठन'

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी / झालावाड़।** सडक़ दुर्घटनाओं के दौरान घायलों की जान बचाने, उन्हें समय पर अस्पताल पहुँचाने एवं राहत कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने वाले राहत वीरों को सम्मानित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय दुर्घटना राहत समिति का गठन किया गया है। यह समिति सडक़ सुरक्षा के क्षेत्र में समाज के सहयोग और सहभागिता को प्रोत्साहित करेगी, ताकि दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को स्वर्णिम घंटे (ळवसकमद भ्वनत) में आवश्यक सहायता और उपचार मिल सके।

### 'समिति का गठन'

जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलक्टर अजय सिंह राठोड़ की अध्यक्षता में गठित इस समिति में विभिन्न विभागों के अधिकारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं। समिति प्रत्येक माह ऐसे राहत वीरों का चयन कर उन्हें प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित करेगी, जिन्होंने सडक़ दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय सेवा कार्य किया हो।

### समिति के सदस्यगण

अध्यक्ष- अजय सिंह राठौड़, जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, झालावाड़ सदस्यगण (शासकीय) जिला पुलिस अधीक्षक झालावाड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट झालावाड़, अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग झालावाड़, उपखण्ड मजिस्ट्रेट, झालावाड़, वृत्ताधिकारी पुलिस वृत्त झालावाड़, डीन मेडिकल कॉलेज झालावाड़, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग झालावाड़, सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग झालावाड़ एवं जिला परिवहन अधिकारी झालावाड़ को सदस्य सचिव बनाया गया। गैर-सरकारी सदस्यगण- राहुल अग्रवाल अध्यक्ष रोटरी क्लब झालावाड़, मनोज शर्मा सतगुरू फाउंडेशन झालावाड़, उदयभान सिंह संकल्प सेवा समिति, भूपेन्द्र दूबे अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी, युवराज पारेता आत्माराम जन सेवा संस्थान, श्रीमती श्वेता अग्रवाल, लायन्स क्लब, झालावाड़ होंगे।

### प्रतिमाह प्रथम सप्ताह में आयोजित होगी बैठक

समिति की बैठक प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। इस दौरान माह में सडक़ दुर्घटनाओं के दौरान घायल व्यक्तियों को समय पर राहत और सहायता पहुँचाने वाले राहत वीरों की सूची जिला पुलिस अधीक्षक, झालावाड़ द्वारा समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। समिति द्वारा चयनित राहत वीरों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।

# लोकतांत्रिक महासंघ ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (लोकतांत्रिक) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामरतन सामरिया के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्रीमती दिया कुमारी को अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में जयपुर कोषालय (ट्रेजरी) द्वारा कर्मचारियों-अधिकारियों के जीपीएफ लोन, बीमा लोन, क्लेम भुगतान आदि में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

महासंघ ने अवगत कराया कि राज्य के कर्मचारी व अधिकारी अपनी वेतन राशि से कटौती कर भविष्य निधि एवं बीमा में जमा करते हैं, ताकि आवश्यकता पडने पर समय पर धन प्राप्त कर सकें। लेकिन लंबे समय से भुगतान में विलंब के कारण कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक परेशानी हो रही है।

ज्ञापन में मांग की गई कि जिला कोषालयों को भी आंशिक भुगतान स्वीकृति की शक्ति प्रदान की जाए, जिससे आपात स्थिति में जिला स्तर पर ही बिल पारित कर राहत दी जा सके। साथ ही, दीपावली पर्व को देखते हुए अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों को मिलने वाले बोनस की पूरी राशि नगद देने की मांग की गई, ताकि त्योहार की खुशियां प्रभावित न हों।

ज्ञापन सौंपने में प्रदेश संरक्षक बाबूलाल गुप्ता, मुख्य सलाहकार साबिर रिज़वी, महिला जिलाध्यक्ष पूजा मीणा सहित संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कोटा वर्कशॉप में भारतीय रेल का पहला मॉडिफाइड रैक तैयार

# तीन माह तक निगरानी टेस्टिंग मे रहेगा प्राटोटाइप पहला मॉडिफाइड बीटीपीएन रैक

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (विनोद गौड़)।** पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल की वर्कशॉप ने भारतीय रेल का पहला मॉडिफाइड बीटीपीएन रेक तैयार कर एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि हासिल की है। यह कार्य रेलवे बोर्ड के निर्देश पर महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन और प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री एम. विजय कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस परियोजना पर पिछले दो वर्षों से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ह्लरूष्टह्य) और आरडीएसओ के सहयोग से शोध एवं परीक्षण चल रहा था। आरडीएसओ द्वारा डिज़ाइन को स्वीकृति मिलने के बाद कोटा वर्कशॉप को दो रेक मॉडिफाई करने का आदेश मिला, जिनमें से पहला रेक सफलतापूर्वक तैयार कर लिया गया है। नए मॉडिफाइड वैगनों में रिसाव रोकने के लिए फ्लैप कैप की जगह चूड़ीदार कैप, और डिस्चार्ज फिटिंग में 4 इंच बॉल वाल्व के साथ कैमलॉक कपलिंग लगाई गई है। वहीं सुरक्षा बढ़ाने हेतु विशेष लॉकिंग बोल्ट और ताले लगाए गए हैं। इससे तेल रिसाव, आग लगने और चोरी जैसी समस्याओं पर नियंत्रण के साथ अनलोडिंग समय में भी कमी आएगी। यह रेलवे का अपने प्रकार का पहला प्रोटोटाइप रेक है, जिसे अब तीन माह तक निगरानी में रखा जाएगा। सफलता के बाद इसे पूरे भारतीय रेल नेटवर्क में लागू करने पर विचार किया जाएगा।

# राजस्थान पुलिस और भारतीय सेना का संयुक्त प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा आर्मी एरिया में राजस्थान पुलिस और भारतीय सेना की प्रथम मराठा लाइट इन्फेंट्री (जंगी पलटन) के बीच चल रहे प्रथम संयुक्त प्रशिक्षण का समापन 07 अक्टूबर 2025 को सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण गांडीव डिवीजन के तत्वावधान में 08 सितम्बर से 06 अक्टूबर तक आयोजित किया गया था। समापन समारोह की अध्यक्षता 74 रेपिड ब्रिगेड के ब्रिगेडियर ने की, जबकि कोटा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में पुलिस अधीक्षक कोटा शहर सुश्री तेजस्वनी गौतम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दिलीप कुमार सैनी, श्रीमती नियति शर्मा तथा सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। चार सप्ताह तक चले इस प्रशिक्षण में कोटा पुलिस और सेना के 25-25 जवानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को घात लगाकर हमला करने की रणनीति, वीआईपी सुरक्षा, पूछताछ तकनीक, मोबाइल व्हीकल चेकिंग पॉइंट संचालन, बंधक स्थिति में रूम इंटरवेंशन और विभिन्न हथियारों के संचालन का अभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवानों बेस्ट इन शूटिंग कॉन्स्टेबल रवि मीणा, बेस्ट फिजिकल कॉन्स्टेबल रविन्द्र, बेस्ट इन टेक्टिक्स संजय और ओवरऑल बेस्ट कॉन्स्टेबल सुरेश को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में सेना और पुलिस के मध्य भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करने पर सहमति बनी।

**झालरापाटन में जिला स्तरीय मीटिंग के निर्णय को किया जाएगा लागू**

# श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति की बैठक का छान मे हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**मनोहर थाना/झालावाड (नि.स.)।** श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति तहसील मनोहरथाना (जिला झालावाड़, राजस्थान) की नई कार्यकारिणी का गठन छान गांव में सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष शेरसिंह गौड़ (सेमली हाट), उपाध्यक्ष हरिप्रसाद (लाडपुरिया) व मोहनलाल (बागवाला), कोषाध्यक्ष फूलचन्द गौड़ (सेमली हाट), सचिव बालचन्द (झीरी), मुकेश (छान) व बीरमचन्द (झीरी), सह सचिव राजू (झीरी),मीडिया प्रभारी आशीष गौड़ (छान) व चन्द्र मोहन गौड़ (सेमली हाट), संगठन मंत्री विशाल गौड़ (छान), रामस्वरूप (छान) व बद्रीलाल (छान), तथा संरक्षक सत्यनारायण गौड़ (मनोहरथाना), रामनिवास गौड़ (छान) व रामरतन गौड़ (सेमली हाट) को चुना गया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी से जिला अध्यक्ष बालकृष्ण गौड़, जिला महामंत्री लालचंद गौड़ (सुनेल), जिला संयोजक हुकमचंद गौड़ (इकलेरा), जिला संरक्षक व तहसील सुनेल अध्यक्ष कारूलाल, जिला संयोजक सत्यनारायण गौड़ (अध्यापक मनोहरथाना), जिला उपाध्यक्ष बालचन्द गौड़ (सुनेल), जिला संरक्षक जमनालाल गौड़ (झालावाड़), जिला सचिव घनश्याम गौड़ (हरिगढ़), जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम गौड़ (झालावाड़), जिला विधिक सलाहकार चन्द्र मोहन गौड़ (सेमली हाट), जिला संगठन मंत्री अमृतलाल गौड़ (खानपुर), तहसील अध्यक्ष रमेश गौड़, झालरापाटन तहसील अध्यक्ष चन्दू गौड़ व तहसील कोषाध्यक्ष रमेश गौड़ (झालरापाटन) सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जगदीश गौड़ ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से समाज में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। मीडिया प्रभारी तुषार गौड़ एवं युवा जिला उपाध्यक्ष अशोक गौड़ ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर मनोहरथाना तहसील सहित पूरे क्षेत्र में समाजबंधुओं में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई।

### मृत्यु भोज को सीमित करने की अपील का स्वागत

बैठक में सभी समाज बंधुओ ने झालरापाटन में आयोजित मीटिंग के निर्णय को समाज में पारित करने का संकल्प दोहराया । तथा समाज में मृत्यु भोज में बड़े कार्यक्रम आयोजित ना करके केवल मेहमानों, घर परिवार के सदस्यों के लिए सादा कार्यक्रम करने की बात पर जोर दिया ।

## स्वरोजगार का मिला सहारा, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना में ऋण स्वीकृत



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राज्य सरकार के बजट घोषणा 2024-25 के अनुसार राज्य के शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों की सीमा में निवास करने वाले असंगठित क्षेत्र के श्रमिको,गिग वर्कर्स, ट्रांसपोर्ट वर्कर्स, डोमेस्टिक वर्कर्स, भवन निर्माण श्रमिक , हॉकर्स वेस्ट वर्कर्स, रेग पिकर आदि की आर्थिक स्थिति को सुधारने एवं उनके व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना प्रारंभ की गई थी योजना प्रभारी प्रदीप गुर्जर ने बताया इस योजना में सबसे पहले राजस्थान ग्रामीण बैंक ने ऋण स्वीकृत किया है।

आवेदक द्वारा ई-मित्र अथवा स्वयं के स्तर से एसएसओ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जाता है इस मौके पर योजना प्रभारी प्रदीप गुर्जर,वरिष्ठ प्रबंधक सुरेश कुमार बिजारणियां, सहायक प्रबंधक ऋण प्रांशु सिंघल, सहायक प्रबंधक परिचालन राहुल कुमार सिंघल, सतीश मीणा, रजनेश, धोलीदेवी इत्यादि बैक कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रिंसिपल पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में संचालकों सहित बच्चे भी प्रदर्शन में शामिल



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर उपखंड क्षेत्र के निजी स्कूल संचालकों एवं छात्रों द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से रैली निकालकर भुसावर पुलिस उपाधीक्षक को खेड़ली मोड़ थाना प्रभारी द्वारा बाछरैन के निजी स्कूल हैप्पी मॉर्डन उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालक के विरुद्ध 26 सितंबर 2025 को की गई कार्रवाई के विरोध में ज्ञापन सौप कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि 26 सितम्बर2025 को हैप्पी मॉर्डन उच्च माध्यमिक विद्यालय बाद्दरैन के प्रिंसीपल लवकुश शर्मा के पास थानाधिकारी बलराम यादव (खेडली मोड थाना)ने स्कूल की छुट्टी के बाद एक पुलिस कार्मिक किन्हीं बच्चों की टीसी लेने के लिये भेजा। प्रिंसिपल ने टीसी की निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण करने की लिए कहा। पुलिस कार्मिक वापस जाता है। विद्यालय छुट्टी के बाद थाना अधिकारी विद्यालय पहुंचते हैं प्रिंसिपल को बुलाते हैं उसके साथ ज्ञापन में कुछ अलग तरह के व्यवहार की बातों का खुलासा किया गया है थाने लाकर प्रिंसिपल को 151 में बंद करने की बात लिखते हुए अनेक तरह के आरोप लगाए गए हैं। घटना से आहत प्रिंसिपल रात को घर से निकाल गया। जिसे परिजन दूसरे दिन तलाश करके लगाये। थाना अधिकारी की कार्यशैली को लेकर जिले के स्कूल संचालक जिला पुलिस अधीक्षक जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को ज्ञापन देने गए उपरांत इसके कोई कार्य भाई नहीं होने पर उन्हें सोमवार शाम तक कार्रवाई करने का आश्वासन मिला।

## शरद पूर्णिमा पर दो हजार से अधिक लोगों को वितरित की खीर में मिलाकर खाए जाने वाली दवा




बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** अस्थमा और एलर्जी से पीडित दो हजार से अधिक लोगों को शरद पूर्णिमा पर बनाए जाने वाली खीर में मिलाकर खाए जाने वाली औषधि का निःशुल्क वितरण श्री गिर्राज आरोग्य सेवा समिति के नेहरू नगर कार्यालय पर किया गया। समिति अध्यक्ष नेमीचंद शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा विगत ग्यारह सालों से दमा और एलर्जी से बचाव एवं रोग में फायदेमंद औषधि का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। समिति संरक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि शरद पूर्णिमा पर सोलह कलाओं से युक्त चन्द्रमा की शीतल किरणें पृथ्वी के नजदीक रहतीं हैं जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद रहती हैं। विशेष रूप से श्वसन तंत्र की इम्यूनिटी सिस्टम पर असरकारक होने से श्वेत पीपल की जटा अर्जुन छाल आदि के सम्मिश्रण तैयार औषधि को खीर में मिलाकर शरद पूर्णिमा की शीतल किरणों में रखकर सुबह सूरज निकलने से पहले सेवन करने पर दमा और एलर्जी के साथ साथ इम्यूनिटी बढ़ाने में लाभदायक बताया।

## कैद हुआ पैंथर, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले की आत्मा पंचायत के मोरिया की तलाई क्षेत्र में उस समय हडक़ंप मच गया जब दो दिन पूर्व लगाए गए पिंजरे में एक खूंखार पैंथर कैद हो गया। यह वही पैंथर बताया जा रहा है जो पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में आतंक मचाए हुए था और अब तक आधा दर्जन पालतू मवेशियों का शिकार कर चुका था।

ग्रामीणों ने बताया कि पैंथर के हमलों से गांव में भय का माहौल बना हुआ था। लोग रात को घरों से बाहर निकलने से भी डरने लगे थे। मवेशियों के लगातार शिकार से ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा था। इसी को देखते हुए ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद रेंजर लादूराम शर्मा के निर्देशन में मोरिया की तलाई क्षेत्र में एक विशेष पिंजरा लगाया गया।सुबह ग्रामीणों ने पिंजरे से आती पैंथर की दहाड़ सुनी तो तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा इंतजामों के बीच पिंजरे में कैद पैंथर को कब्जे में लिया गया। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।वनकर्मी पन्नालाल कुमावत ने बताया कि नियमानुसार पैंथर का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जाएगा। अगर पैंथर पूरी तरह स्वस्थ पाया गया, तो उसे वन्यजीव सुरक्षा नियमों के तहत दूरस्थ जंगल क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ा जाएगा।

### पुलिस की स्पेशल टीम ने चारों को दबोचा

# वरिष्ठ अधिवक्ता पर जानलेवा हमले चार आरोपी गिरफ्तार, चार में से तीन आदतन अपराधी, बाजार में निकाला जुलुस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के घंटाघर बाजार में सोमवार को दिन में 11 बजे अपने घर से कोर्ट जा रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामनिवास मित्तल पर जानलेवा हमला हुआ था। चार अपराधियों ने उक्त वारदात को अंजाम दिया।

अधिवक्ता को उनकी स्कूटी से खींचकर नीचे गिराया और सरिया से ताबड़तोड़ हमला किया। इस दौरान दहशत फैलाने के लिए हवाई फायर भी किये गए। घटना के दौरान बाजार में दहशत का माहौल देखा गया। घटना को लेकर कोतवाली थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए 24 घण्टे में वारदात में शामिल चार बदमाशों को भूतेश्वर बसेड़ी से गिरफ्तार किया है। जिनसे घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है।

एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ ने बताया की वरिष्ठ अधिवक्ता रामनिवास मित्तल पर हमले की घटना को लेकर पीडित अधिवक्ता ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें कोर्ट में चल रहे किसी जमीनी मामले को लेकर आरोपियों द्वारा लगातार दबाब बनाया जा रहा था और धमकी भी दी थी। ऐसे में आरोपियों ने ही कुछ अन्य के साथ हमला किया है।

घटना के बाद सीओ महेंद्र कुमार, कोतवाली थाना अधिकारी अमित शर्मा कुछ अन्य थानों के पुलिस जवान और टेक्निकल टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटे थे। ऐसे में मानवीय इनपुट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चारो आरोपी बसेड़ी के भूतेश्वर मंदिर के पास से गिरफ्तार किये है। जिनसे मामले को लेकर पूछताछ जारी है।

थाना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया की वरिष्ठ अधिवक्ता रामनिवास मित्तल पर हुए हमले के मामले में पकड़े गए आरोपी में



आकाश यादव पुत्र मुकेश यादव, सनी यादव उर्फ हिमांशु पुत्र पूरन सिंह यादव निवासी किला, साजिद पुत्र शाहिद खान पठान निवासी अजीजपूरा हवेली और मनीष पुत्र सुमन प्रकाश गुर्जर निवासी सैपऊ रोड को गिरफ्तार किया है। आकाश यादव पर 14 मुकदमे दर्ज है। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2),126(2), 351(2,3), 109 और 61(2) बीएनएस में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की कार्रवाई में एसएचओ अमित शर्मा के साथ थाने के एसआई हरवीर सिंह, हेड कांस्टेबल छोटेलाल,कांस्टेबल राकेश कुमार,अमीर सिंह,सतीश,राजेंद्र और सत्येंद्र कुमार का विशेष योगदान है।

### बाजार में निकाला बदमाशों का जुलूस

कोतवाली एसएचओ अमित शर्मा ने पुलिस जाप्ते के साथ बाजार में चारो बदमाशों का जुलूस निकाला। एसएचओ ने बताया की ,बदमाशों को वारदात स्थल के साथ शहर के किला गेट,पुराना बाजार,सर्राफा बाजार अग्रसेन मार्केट से होकर निकाला गया।

## देवगढ़ मेले में चाकू से मर्डर मामले में 5 गिरफ्तार: बाकियों की तलाश जारी, दो गुटों में हुई थी चाकूबाजी



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** राजसमंद के देवगढ़ कस्बे में आयोजित मेले के दौरान चाकूबाजी में 1 युवक की मौत के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।मेला ग्राउंड में फव्वारा स्टेज प्रोग्राम के सामने पिछले महीने 3 अक्टूबर की रात करीब 10.30 बजे 2 गुटों के बीच चाकूबाजी में मानसिंह उर्फ मांगूसिंह की मौत हो गई, जबकि महेंद्र सिंह, गणपत सिंह और रेवत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतक के पिता किशन सिंह पुत्र नाथू सिंह निवासी छोटी सादड़ी थाना देवगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनके बेटे के साथ सुरेंद्र सिंह, सुनील सिंह व उसके साथियों ने मारपीट करते हुए चाकू और तलवार से हमला कर दिया। जिसमें उनके बेटे की 4 अक्टूबर को इलाज के दौरान उदयपुर में मौत हो गई। इसके बाद मामले को लेकर थानाधिकारी देवगढ़ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।एफएसएल और एमओबी टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। मेले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें आरोपियों की पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 अभियुक्तों को डिटेन कर पूछताछ की जारी हे। पुलिस ने सुनील (21) पुत्र अजमाल सिंह रावत, निवासी नयागांव खीमाखेड़ा, थाना दिवेर, राजेंद्र सिंह (21) पुत्र सुखदेव सिंह रावत, निवासी नयागांव खीमाखेड़ा, थाना दिवेर, कुलदीप सिंह (22) पुत्र प्रताप सिंह रावत, निवासी किटो का बाडिया, गजेन्द्र सिंह (21) पुत्र सोहन सिंह रावत निवासी नयागांव खीमाखेड़ा, मिठु सिंह (22) पुत्र हरि सिंह रावत, निवासी खेड़ी खीमा, थाना दिवेर को गिरफ्तार किया। इस मामले में शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

## दो बाइकों में भिड़ंत, दुर्घटना में तीन युवक घायल,एक गंभीर को धौलपुर किया रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के सैपऊ रोड पर बदरेठा गांव के पास दो बाईकों में भिड़ंत का मामला सामने आया है। दुर्घटना में दोनों बाइको पर सवार तीन लोग घायल हुए है। जिन्हें बाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से एक घायल की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घटना में घायल दो अन्य को बाड़ी अस्पताल से उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार कंचनपुर थाना क्षेत्र के मठ नोहरा गांव निवासी 45 वर्षीय पवन पुत्र भगवान सिंह जाटव किसी गांव से सोमवार की शाम नगला दूल्हे खां गया था। जहां से काम कर रात करीब आठ बजे वापस बाइक से लौट रहा था। इस दौरान बाड़ी से कंचनपुर की ओर जा रहे दो अन्य बाइक सवारों से उसकी भिड़न्त हो गई। दुर्घटना में तीनों बाइक सवार घायल हो गए।

## यातायात पुलिस ने रोका बीच रोड पर गेहूं से भरा ट्रक, डीजल खत्म होने से लगा जाम

### डेढ़ घंटे तक जाम में फंसे वाहन चालक हुए परेशान, आरोप नो पार्किंग की नहीं हो रही पालना

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में यातायात पुलिस की कार्रवाई के कारण मुख्य मार्ग पर डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। अस्पताल चौराहे पर पुलिस ने सैपऊ से भरतपुर जा रहे गेहूं से भरे एक ट्रक को रोका। ट्रक चालक ने बताया कि वाहन में डीजल कम है और वह कभी भी बंद हो सकता है, लेकिन यातायात कर्मियों ने उसकी बात नहीं सुनी।

ट्रक चालक ने पुलिस से अनुरोध किया कि वाहन में डीजल कम है और वह आगे रुक जाएगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसकी बात अनसुनी कर दी। इसके बाद ट्रक अस्पताल चौराहे पर ही रुककर बंद हो गया, जिससे जाम की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, सैपऊ से गेहूं लादकर यह ट्रक भरतपुर जा रहा था। इसे बाड़ी बाईपास से रिंग रोड होकर निकलना था, लेकिन चालक रास्ता भटक कर शहर के अंदर आ गया। शहर में सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है, लेकिन अक्सर इस नियम का पालन नहीं होता है। ट्रक के चौराहे पर रुकने से बसेड़ी रोड, अस्पताल चौराहा, अग्रवाल धर्मशाला और अंबेडकर पार्क तक लंबा जाम लग गया। लगभग डेढ़ घंटे तक वाहन चालक परेशान रहे। बाद में ट्रक स्टाफ ने पंप से डीजल लाकर वाहन में डाला, जिसके बाद ट्रक आगे बढ़ सका और यातायात सामान्य हुआ। शहर के नागरिकों ने आरोप लगाया है कि यातायात पुलिस केवल कुछ मुख्य चौराहों पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही तैनात रहती है। उनका कहना है कि इस दौरान बड़े वाहनों को रोककर पूछताछ के नाम पर सुविधा शुल्क' लिया जाता है,जिससे परेशानी होती है। नागरिकों के अनुसार, यातायात पुलिस का ध्यान यातायात व्यवस्था सुधारने के बजाय दुपहिया वाहनों के चालान करने पर अधिक रहता है।

## जिला पुलिस अधीक्षक ने किया पोस्टर विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला के तहत मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही आवश्यक है।

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में तनाव, अवसाद और मानसिक दबाव आम होते जा रहे हैं, ऐसे में मानसिक संतुलन बनाए रखना और समय-समय पर संवाद एवं परामर्श के माध्यम से मन की बात साझा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से अपील की कि वे अपने साथियों का मनोबल बढ़ाने तथा कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. सुमित मित्तल ने ने भी तनाव प्रबंधन, योग, ध्यान और आत्मसंवाद के महत्व पर जानकारी दी। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को दूर करते हुए समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने की जरूरत पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि किशोरों एवं युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य हेतु सकारात्मक संवाद और सहयोगात्मक वातावरण निर्मित करना बेहद आवश्यक है। आत्महत्या एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसके दूरगामी सामाजिक, आर्थिक एवं भावनात्मक असर पड़ते हैं।

### मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल बोले...

## गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक उन्नयन के साथ नामांकन बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करें

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में शैक्षिक उन्नयन एव गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षा विभाग के चल रहे व्यापक एवं सतत् प्रयास के अन्तर्गत् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल ने समीक्षात्मक बैठक ली। बैठक में मंगल ने प्रखर राजस्थान 2.0 से सम्बन्धित सभी अपेक्षायें धरातल पर लाने, प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शत प्रतिशत सफलता अर्जित करने के साथ-साथ सभी नवप्रवेशित बालकों का शालादर्पण पोर्टल पर इन्द्राज कराया जाना, माननीय मुख्यमंत्री के एक पेड़ माँ के नाम अभियान समीक्षा कर ज्यादा से ज्यादा जियो टैग कराने के निर्देश प्रदान दिये।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने 2 घंटे से भी ज्यादा चली मेगा बैठक में प्रवेशोत्सव अभियान की समीक्षा, ओआरएफ पर चर्चा, शाला स्वास्थ्य परीक्षण पर चर्चा, हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा, जर्जर भवनों की समीक्षा, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की समीक्षा, जिला रैंकिंग, शाला संवलन टिकिट्स समाधान की प्रगति व शाला संबलन विद्यालय अवलोकन डाटा रिव्यू यूसिंग न्यू रिपोर्टस वर्कबुक करेक्शन, होमवर्क करेक्शन, एबीआई यूसेज एण्ड स्पॉट चैक रिपोर्ट, लम्बित न्यायालय प्रकरण, विभिन्न सवर्गों के कार्यरत कार्मिकों की बकाया एसीआर पर चर्चा, संपर्क पॉर्टल पर दर्ज परिवादों की समीक्षा, अनुकम्पा नियुक्ति के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा, आरटीई प्रवेश, सत्र 2025-26 में भौतिक सत्यापन एवं पुनर्भरण पर समीक्षा, विभागीय व अन्य जाचों के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण, ईएलसी गठन एवं सितम्बर माह में आयोजित समीक्षा बैठक के बैठक कार्यवाही विवरण पर चर्चा की गई है।

सीडीईओ द्वारा निदेशक शिक्षा निदेशालय से जारी निर्देशों की शत प्रतिशत पालना हेतु सीबीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में दीपावली से पहले रंगरोगन कराया जाना एवं स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग एसएचवीआर में अधिकाधिक भागीदारी कराया जाना सुनिश्चित कराए। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पप्पू सिंह ने नव प्रवेश एवं नामांकन से वृद्धि से अवगत कराया वही अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नीरू जैन ने ड्रापआउट बालको को मुख्य धारा में जोडने हेतु जानकारी दी। साथ ही समस्त सीबीईओ द्वारा अपने-अपने ब्लॉक की प्रगति रिपोर्ट ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक में रखी। एपीसी बबीता पाराशर ने सीऐजी, सीएसआर जारी प्रत्येक योजना की जानकारी दी। अशोक कुमार उपाध्याय प्रशासनिक अधिकारी ने वीर गाथा 5.0 का अधिकाधिक प्रचार प्रसार एवं जिला स्तरीय रोल प्ले कार्यक्रम को सफलता पूर्वक पूर्ण कराने की बात कही।

अंत में सीडीईओ मंगल ने जिला कलक्टर के निर्देशन में सभी संभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। बैठक में पूर्व जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान की डीएजी की चतुर्थ एवं डीडीएनसी की तृतीय बैठक आयोजित हुई।

बैठक में सीडीईओं सीबीईओ महेश कुमार शर्मा, कल्याण सिंह मीणा, सी.पी यशिष्ठ, हसंराज मीना पुरुषोत्तम राजपुरोहित, विजेन्द्र सिंह कोली, उपप्राचार्य इन्दुशेखर शर्मा, वरिष्ठ व्याख्याता अलका शर्मा, नरेन्द्र कुमार शर्मा, नीरज मित्तल, व्याख्याता कृष्ण गोपाल गोड नवल सिंह राठौर उपस्थित रहे।

# अजमेर में जटिल न्यूरो सर्जरी, मरीज को मिला नया जीवन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर कादरी)।** राजकीय जवाहरलाल नेहरू (ज.ला.ने.) मेडिकल कॉलेज, अजमेर ने न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यहां पहली बार सिरिंजोमायलिया जैसी जटिल बीमारी का सफल ऑपरेशन किया गया, जिसने एक 33 वर्षीय मरीज को नया जीवन प्रदान किया। यह ऑपरेशन अजमेर संभाग में अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है, जो सामान्यतः निजी अस्पतालों में 2.5 से 3 लाख रुपये के खर्च में होता है, लेकिन ज.ला.ने. मेडिकल कॉलेज में यह मां योजना के तहत निःशुल्क किया गया।



मरीज, जिसे 2019 में सडक़ दुर्घटना में गर्दन पर गंभीर चोट लगने से चारों हाथ-पैरों में लकवा हो गया था, का पहले एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था। उस समय कुछ सुधार हुआ, लेकिन बाद में पुनः लकवे की शिकायत शुरू हो गई। जांच में पता चला कि मरीज की गर्दन की नस में पानी भरने से दबाव की समस्या थी, जो पिछले ऑपरेशन के दबाव के कारण उत्पन्न हुई थी। इस जटिल स्थिति के लिए अत्यंत नाजुक और जोखिम भरे ऑपरेशन की आवश्यकता थी, जिसमें मरीज के चारों अंगों में लकवा या जान का खतरा भी था।

27 सितंबर 2025 को डॉ. अनिल सामरिया (प्रिंसिपल) और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे के नेतृत्व में न्यूरो सर्जरी की टीम, जिसमें डॉ. सुशील आचार्य, डॉ. गोगराज गढवाल, रेजिडेंट डॉ. कमलदीप खत्री, डॉ. पियूष मोदी, डॉ. कुशल, डॉ. सचिन, और निश्चेतना विभाग के डॉ. वीना माथूर, डॉ. मैना, डॉ. दीपिका, डॉ. प्रदीप, डॉ. कुलदीप, डॉ. कुशांक शामिल थे, ने इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। ऑपरेशन में मरीज की गर्दन में 6 स्क्रू लगाकर स्थिरीकरण किया गया और नस में पानी की गांठ में नली डाली गई । ऑपरेशन के बाद मरीज के हाथ-पैरों में ताकत में सुधार देखा गया और वह अब स्वस्थ व खतरे से बाहर है।

## ब्यावर में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में की निशुल्क जांच

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर एम जे एफ अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह मेड़तवाल ने मंचासीन मुख्य अतिथि डॉ. पारस चौहान, प्रधान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी चांदमल मोदी (राजकीय जिला आयुष चिकित्सालय, ब्यावर) का उपरणा और माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही डॉ. रमाशंकर पचौरी, पूर्व अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग अजमेर का भी अभिनंदन किया गया।लायन क्लब ब्यावर सिटी के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह मेड़तवाल, सदस्य राजेश झंवर, अक्षय जैन, हरीश मूंदड़ा, नन्द लाल भंडारी एवं अन्य सदस्यों ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह शिविर सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत समाज के जरूरतमंद वर्गों को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए आयोजित किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य जांच, परामर्श और दवाइयाँ निःशुल्क प्रदान की गईं। शिविर में डॉ. आर.एस. पचौरी द्वारा 38 विभिन्न रोगों के रोगियों की निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और जांच की गई। डॉ. पचौरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे शिविरों का मुख्य उद्देश्य बीमारियों का शीघ्र पता लगाना, उपचार प्रदान करना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव है।कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र सिंह चौहान ने किया। शिविर में हिमांशु शर्मा, इंदू शेखर पचौरी, राकेश सिंह चौहान, अशोक चौहान, सरोज सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## महाराज टेकचंद जी का 214 वां समाधि महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला में जूना गुजराती मेढ़ क्षत्रिय दामोदर वंशी दर्जी समाज के आराध्य देव महाराज टेकचंद जी का 214 वां समाधि महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से श्री राधाकृष्ण मंदिर से बैंडबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः राधाकृष्ण पहुंची। बैंड-बाजों और ढोल-ढमाको के साथ शुरू हुई यात्रा में महिलाएं व युवतियां नृत्य करते हुए चली, वही सुसज्जित रथ में गुरुदेव का चित्र विराजित था। शोभायात्रा का भाजपा मंडल, पोरवाल युवा संगठन सहित धार्मिक सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भाजपा की ओर से भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी सहित कार्यकर्ताओं एवं पोरवाल युवा संगठन की ओर से भव्य गुप्ता ने दर्जी समाज के अध्यक्ष हेमप्रकाश टेलर,युवा संगठन अध्यक्ष विष्णु मकवाना का साफा बांध कर स्वागत किया। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया।

राधाकृष्ण मंदिर में महा आरती एवं सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।इस दौरान समाज के अध्यक्ष हेमप्रकाश टेलर ,युवा संगठन अध्यक्ष विष्णु मकवाना, , श्याम लाल, हुकम चंद, बाबूलाल उमठ, कालूराम भगत, उमेश सिसोदिया, राधेश्याम सिसोदिया, ओमप्रकाश, दीपक मकवाना, हेमू टेलर , किशोर टेलर, जीतू टेलर,द्वारका लाल,राजेश टेलर, राधेश्याम टेलर सहित बड़ी संख्या में समाज के पुरूष, महिला व बच्चें उपस्थित थे।

## महिला एवं बाल कल्याण के लक्ष्य के साथ शुरू कल्याणी फाउंडेशन बने मिसालः अति.कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** महिला एवं बाल विकास के लक्ष्य के साथ प्रारंभ महिलाओं का विशिष्ट संगठन कल्याणी फाउंडेशन अपने प्रोजेक्ट्स और गतिविधियों से जिले में एक मिसाल कायम करे। इसके साथ ही शहर और जिले के विकास में भी अपना योगदान देवे। यह विचार अति. जिला कलक्टर शहर प्रतिभा देवठिया ने कल्याणी फाउंडेशन के स्थापना एवं सदस्य स्वागत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने श्रीमती दिव्या बोरदिया को बेज लगाकर फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में पदस्थापित किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि महावीर इंटरनेशनल की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंजू पोखरना, बीजेएस की प्रांतीय उपाध्यक्ष पुष्पा गोखरू, ओस्तवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की डायरेक्टर एकता ओस्तवाल, डीपीएस स्कूल की डायरेक्टर रीना डाड एवं अतिथि के रूप में मधु लोढ़ा, विजया सुराणा, अर्चना अग्रवाल, ज्योति आर्य एवं रेखा लड्डा उपस्थित रही। फाउंडेशन की अध्यक्षा दिव्या बोरदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि कल्याणी फाउंडेशन सिर्फ एक संस्था नहीं, यह एक विचार है मिशन है। महिला उद्यमिता को बढ़ावे और आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उन्हें पहचान दिलाने से लेकर सम्मान के साथ जीवन जीने का माध्यम भी यह संस्था बनेगी।

## उपखंड अधिकारी ने किया कृषि विभाग के कार्यालयों का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने अजमेर रोड स्थित सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) विभाग, ब्यावर तथा संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) विभाग, जिला ब्यावर के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक कार्यालय में एक कृषि अन्वेषक, दो वरिष्ठ सहायक और एक सूचना सहायक अनुपस्थित पाए गए। वहीं संयुक्त निदेशक कार्यालय में सहायक निदेशक, कृषि अधिकारी (पौध संरक्षण), कृषि अधिकारी (फसल) एवं सहायक लेखाधिकारी प्रथम के जयपुर में आयोजित बैठक में होने की सूचना दी गई सिंह निरीक्षण के दौरान विभागीय कार्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा कृषि प्रयोगशाला का निरीक्षण करते हुए मिट्टी एवं पानी जांच प्रक्रिया को बारीकी से परखा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परीक्षण की प्रक्रिया और रिपोर्टिंग प्रणाली की जानकारी ली।उपखंड अधिकारी ने निर्देश दिए कि कृषि योजनाओं एवं परीक्षणों का अधिकतम लाभ किसानों तक पहुंचे।

**मातृशक्ति सम्मेलन 2025 : महिलाओं को योजनाओं से जुड़ने का आह्वान**

# महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत की राह एक ही है : दिया कुमारी





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, प्रदेश सभा महिला प्रकोष्ठ राजस्थान द्वारा मातृशक्ति सम्मेलन 2025 एवं प्रदेश स्तरीय महिला अधिवेशन का आयोजन आज मोतीमहल, सतपुलिया, ब्यावर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी रहीं। उन्होंने अपने कहा कि यह कार्यक्रम मातृशक्ति को समर्पित है। प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को 33त्न आरक्षण दिया जाना सरकार की मातृशक्ति के प्रति आदर और विश्वास का प्रतीक है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, अब हमारी जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक महिलाएं इन योजनाओं से जुडक़र लाभान्वित हों।उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से मजबूत होना ही सशक्त भारत की आधारशिला है। महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत की राह एक ही है।

विशिष्ट अतिथि विधायक अजमेर दक्षिण अनीता भदेल, पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि महिला शब्द में म का अर्थ ममता, ह का हिम्मत और ला का लाजवंती है। लज्जा और मर्यादा भारतीय नारी का आभूषण हैं, जो सनातन धर्म की प्रकृति को दर्शाता है।विधायक शंकर सिंह रावत ने कहा कि मां का नाम लेकर जो नमन करता है, उसका जीवन सफल होता है। मातृशक्ति हमारे सभी शुभ कार्यों की प्रेरणा है। इस अवसर पर प्रधान महासभा रामपाल शर्मा, रामगोपाल सुथार (अध्यक्ष, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड, राजस्थान), पूर्व प्रधान महासभा कैलाश चंद बरनेला, श्री रविशंकर शर्मा, अमराराम जांगिड़ (अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय प्रकोष्ठ), सविता शर्मा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ), अजीत मांडन (प्रदेश मंत्री, भाजपा) एवं श्रीमती मधु शर्मा (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ) सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता घनश्याम पंवार, प्रदेश अध्यक्ष (राजस्थान) ने की। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज की प्रगति की नींव है, मातृशक्ति के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में महिलाएं, समाजसेवी, शिक्षाविद एवं युवा वर्ग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का कपासन में हस्ताक्षर अभियान के साथ किया आगाज



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्र में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत कपासन विधानसभा क्षेत्र में सोमवार शाम कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गयी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि अभियान का आगाज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुरुषोत्तम टांक की अध्यक्षता में सोमवार को कांग्रेस द्वारा हस्ताक्षर अभियान के साथ किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन के भैरूलाल चौधरी ने जनहित एवं देश व समाज की सेवा में कांग्रेस कार्यकर्ताओ को लोकतंत्र के सजग प्रहरी की भूमिका का निर्वहन करने हेतु हर मोर्चे पर संघर्ष करने के लिए तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया। प्रदेश कांग्रेस सचिव डॉ. ललित बोरीवली ने कहा डबल इंजन की सरकार वोट चोर गद्दी छोड़ कथन को नहीं झुठला सकती है।भाजपा ने लोकतंत्र को ताक में रखकर एक तानाशाही सरकार का रूप ले लिया है।

### कार्यक्रम में ये कांग्रेस कार्यकर्ता रहे उपस्थित

अभियान में ब्लॉक कांग्रेस (ए) अध्यक्ष नारायणलाल जाट,कार्यकारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ममतेश शर्मा (सांवलियाजी),कांग्रेस नेता प्रमोद मोदी, दिनेश चाष्टा,वरिष्ठ कांग्रेसी मनोहरलाल जैन,आजाद,पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नगर अध्यक्ष कपासन हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,पूर्व पार्षद शिवशंकर उपाध्याय,कैलाश सालवी,मंडल अध्यक्ष कैलाश गाडरी,संग्राम सिंह,रतनलाल अहीर,देवीलाल भील, न.पा.क. पार्षद लोकेश राव,पूर्व पार्षद मदनलाल कुमावत,सत्यप्रकाश व्यास,सरपंच मि्ूलाल जाट रेवलिया,शंभू सुथार,उमेश आगार,मंडल अध्यक्ष अशोक लड्डा,रोशनलाल जाट आरनी,चमन खटीक अकोला,शोभालाल जाट मंडल अध्यक्ष कपासन ग्रामीण,पुर्व प्रधान ओमप्रकाश व्यास,ठाकुरप्रसाद व्यास,सुनील बारेगामा,कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी अकरम मंसूरी,इब्राहिम टेलर,हजारीलाल खटीक,कांग्रेस सेवादल प्रदेश महासचिव मोहनलाल गाडरी,फिरोज अली,आसिफ इकबाल,विजय बारेगामा, ऋषि व्यास, रोहित कोदली,अनिकेश सोनवाल,युवा नेता सत्यनारायण चोटिया,घनश्याम बारेगामा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, ब्यावर से बुटाटी धाम तक रोडवेज बस सेवा शुरू

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार ब्यावर से बुटाटी धाम के श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी आ गई है। रोडवेज यात्रियों की मांग को देखते हुए ब्यावर आगार प्रबंधक शिप्रा शानिवाल ने जानकारी दी कि आज से दो नई बस सेवाएं शुरू की जा रही हैं। पहली बस सुबह 7.00 बजे ब्यावर से रवाना होगी, जबकि दूसरी बस 12:15 बजे चलेगी। दोनों बसें बाबरा, रास और मेड़ता होते हुए बुटाटी धाम पहुंचेंगी। कई महीनों से आमजन की यह मांग थी कि ब्यावर से मेड़ता दिशा में कोई बस सेवा नहीं चल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह नई सेवा शुरू की गई है, जिससे न केवल श्रद्धालुओं को बल्कि आम यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

# राजीव गांधी ऑडिटोरियम में होंगे विकास कार्य

## विधायक कोठारी की पहल पर 7.80 करोड़ रुपए मंजूर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहर का राजीव गांधी ऑडिटोरियम जल्द ही आधुनिक सुविधाओं के साथ एक बार फिर से सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। विधायक अशोक कोठारी की पहल पर ऑडिटोरियम की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए 7.80 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

वर्ष 2020 में भारी बारिश से ऑडिटोरियम को काफी नुकसान हुआ था, जिससे छत में लीकेज और बेसमेंट में सीपेज की समस्या आ गई थी। सुरक्षा कारणों से इसके उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। जनहित को ध्यान में रखते हुए, विधायक कोठारी ने तुरंत न्यास को मरम्मत के लिए लिखा।

न्यास ने जोधपुर के एमबीएम विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन माँगा, जिन्होंने वृहद रेट्रोफिटिंग रिहैबिलिटेशन कार्य की आवश्यकता बताई और इस पर लगभग 7.80 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान लगाया। कोठारी की त्वरित अनुशंषा पर न्यास ने तत्काल स्वीकृति दे दी है। विशेषज्ञों के अनुसार, नया ऑडिटोरियम बनाने पर 30 करोड़ रुपये तक खर्च होते, लेकिन राजस्थान में पहली बार नवीनतम तकनीक से मरम्मत किए जाने पर यह 7.80 करोड़ रुपये में ही अगले 30 से 40 वर्षों तक उपयोगी बना रहेगा, जिससे जनता के पैसों की बड़ी बचत होगी। भीलवाड़ा के कला और संस्कृति प्रेमियों को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह ऑडिटोरियम उपलब्ध हो सकेगा।

**पेंशन से है,वंचित, जीवन यापन के लिए मां ने लगाई एसडीएम से फरियाद**

# मंदबुद्धि विकलांग युवक मौत एवं जीवन के बीच कर रहा संघर्ष

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं हर पात्र लाभार्थी को मिलने का दावा किया जाता है। लेकिन नैनवां उपखण्ड क्षेत्र के फूलेता पंचायत के नाथड़ी गांव निवासी एक 23 वर्षिय विशाल दरोगा पुत्र हेमराज दरोगा मंदबुद्धि विकलांक युवक मौत एवं जीवन के बीच संघर्ष कर रहा है।



जीवन यापन के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहा है,लेकिन दो वर्ष पूर्व बंद हुई पेंशन चालू नहीं हो पा रही है। गरीब परिवार में पिता भी वृद्व है। माता सुगना बाई युवक को सरकारी योजनाओ का लाभ दिलाने के लिए चक्कर लगाते हुए थक चूकी है। ऐसे में नाथड़ी गांव निवासी किसान महापंचायत के तहसील अध्यक्ष भरतराज मीणा ने गरीब परिवार की पीड़ा को महसुस किया ओर नैनवां उपखण्ड अधिकारी के पास एक टेम्पो किराये में लेकर उसकी माता के साथ युवक को एसडीएम प्रीति मीणा के सामने पेश किया। इस दौरान युवक की दास्तांन सुनने के लिए लोगो की भीड़ जमा हो गई। हर कोई कहता हुआ नजर आया कि सरकार द्वारा गांवो में शिविर लगा कर पात्र लोगो को सरकारी योजनाओ का मौके पर फायदा दिलाने का दावा किया जाता है,लेकिन गरीब की पीड़ा को सरकार नजर अंदाज कर रही है। मौके पर एसडीएम प्रीति मीणा ने गरीब परिवार की दुःख भरी दास्तांन सुन कर विकास अधिकारी के नाम पत्र लिख कर विकलांग एंव मंदबुद्वी युवक विशाल दरोगा का फोटो पहिचान पत्र,विकलांग प्रमाण पत्र, आधार काडऱ् बनवा कर उसको सरकारी पेंशन दिलावो के लिए कहा गया है।

उन्होंने मौके पर सुचना प्रौद्योगिकी विभाग से जुड़े तकनीकी कार्मिको एंव स्थानीय बीएलओ को भी निर्देशित किया है,कि वह यथा संभव प्रार्थी की मदद करके उनको पेंशन सहित अन्य सुविधाएं दिलवाई जावे।

## अजमेर विकास प्राधिकरण के क्वार्टरों पर कब्जे को लेकर धरना 15 दिनों के लिए स्थगित

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर, (नि.स.)।** अजमेर विकास प्राधिकरण (एडीए) क्वार्टरों पर अवैध कब्जे को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 15 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय समस्त गाडिया लोहार समाज और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के प्रतिनिधियों के बीच सर्वसम्मति से लिया गया है। यह स्थगन अजमेर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए ठोस आश्वासनों के बाद हुआ है। प्रशासन की ओर से, एडीएम सिटी अजमेर गजेंद्र सिंह राठौड़ ने यह आश्वासन दिया है कि वे अगले 15 दिनों के भीतर सभी संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच करवाएंगे और इसके आधार पर अवैध क्वार्टरों से कब्जा हटाने की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त, एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़ ने भी यह आश्वासन दिया है कि कब्जे के मामले में जिन महिलाओं द्वारा धमकी देने की घटना सामने आई थी, और जिन पुलिस कर्मियों ने बदसलूकी की थी? उनके खिलाफ त्वरित एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दुब्बी गांव के लांस नायक सुनील मीणा शहीद

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** उपखंड के दुब्बी गांव निवासी सेना के जवान लांस नायक सुनील मीणा दिल्ली में शहीद हो गए। मंगलवार को सेना की टीम उनका पार्थिव शरीर लेकर पैतृक गांव पहुंची, जहां हजारों लोगों की मौजूदगी में गमगीन माहौल के बीच पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गांव में पार्थिव देह पहुंचते ही चारों ओर सुनील अमर रहे और भारत माता की जय के नारे गूंज उठे। गौरतलब है कि लांस नायक सुनील मीणा वर्ष 2011 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे वे मूल रूप से राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के दुब्बी गांव के निवासी थे। शहीद सुनील एक बेटे के पिता है। ग्रामीणों का कहना है कि फिलहाल शहादत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है। इसकी आधिकारिक जानकारी सेना की ओर से दी जाएगी। शहीद का पार्थिव शरीर कोठी नारायणपुर बाईपास आगमन पर हजारों की संख्या में लोग अपनी बाइक पर सवार होकर पार्थिव देह के ट्रक के पीछे भारत माता की जयकारों के साथ चल रहे थे। गांव में शहीद का पार्थिव शरीर पहुंचने पर राजगढ़ -लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीना, थानागाजी विधायक कान्ति प्रसाद मीना, आदिवासी मीना समाज के प्रदेशाध्यक्ष अमरचंद फौजी, प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह राठौड़, भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना, नगरपालिका चेयरमैन सतीश दुहारिया सहित हजारों की संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीद को नम आंखों से विदाई दी।

# राजस्थान में भजनलाल सरकार का मिलावटखोरों पर शिकंजा, 4 महीने में 6 हजार प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में हाल में मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए पूरे प्रदेश में लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत हर तरह के मिलावटी खाद्य पदार्थों को बजारा में आने से रोकने की कोशिश की जा रही है. भजनलाल सरकार के निर्देश के बाद आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा प्रदेश भर में की जा रही सख्त कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप सा मच गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में सिर्फ अप्रैल के महीने में ही 2976 नमूने लिए जाकर खराब गुणवत्ता के 304 प्रकरणों, नकली ब्रांड की खाद्य सामग्री बेचने के 12 और असुरक्षित सामग्री के 67 प्रकरणों में कार्रवाई की गई . इनमें न्यायालय द्वारा करीब 68 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।





### अप्रैल में ही 68 लाख रुपए का जुर्माना

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में सिर्फ अप्रैल के महीने में ही 2976 नमूने लिए जाकर खराब गुणवत्ता के 304 प्रकरणों, नकली ब्रांड की खाद्य सामग्री बेचने के 12 और असुरक्षित सामग्री के 67 प्रकरणों में कार्रवाई की गई . इनमें न्यायालय द्वारा करीब 68 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक जयपुर शहर में ही सिर्फ मई के महीने में नामी बेकरी, कुल्फी, आइसक्रीम शॉप्स, दूध एवं मावा भंडार, तेल मिल, बर्फ डिपो आदि के 30 से अधिक प्रतिष्ठानों सहित फ्रूट- सब्जी मंडी, अनाज मंडी आदि स्थानों पर छापे मार कर कार्रवाई की गई है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में इस साल के शुरुआती 4 महीनों में ही दूध, दुग्ध उत्पादन एवं खाद्य सामग्री बेचने वाले 5982 प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण कर 2269 किलोग्राम दूध, 8122 किलोग्राम मावा, पनीर सहित दुग्ध उत्पाद, 1825 किलोग्राम घी एवं तेल, 1886 किलोग्राम मिठाई और 54 हजार किलोग्राम से अधिक अन्य खाद्य सामग्री खराब गुणवत्ता की पाई जाने के कारण नष्ट करवाई गई।

### 4 महीने में 5982 प्रतिष्ठानों पर छापे

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में इस साल के शुरुआती 4 महीनों में ही दूध, दुग्ध उत्पादन एवं खाद्य सामग्री बेचने वाले 5982 प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण कर 2269 किलोग्राम दूध, 8122 किलोग्राम मावा, पनीर सहित दुग्ध उत्पाद, 1825 किलोग्राम घी एवं तेल, 1886 किलोग्राम मिठाई और 54 हजार किलोग्राम से अधिक अन्य खाद्य सामग्री खराब गुणवत्ता की पाई जाने के कारण नष्ट करवाई गई. प्रदेश भर में की गई कार्रवाई में 88911 किलोग्राम घी एवं तेल, 278 किलोग्राम मिठाई और 7379 किलोग्राम अन्य खाद्य सामग्री जप्त भी की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, शरबत एवं अन्य पेय पदार्थ, मावा, पनीर, मसाले, तेल, घी जैसे खाद्य पदार्थों की खुले में बिक्री पर रोकथाम के लिए होटलों के निरीक्षण व खाद्य सामग्री के सैंपल की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी. निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, हाइजीन नहीं पाए जाने पर और खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## डीग में वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि की निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग शहर में वाल्मीकि समाज द्वारा मंगलवार की सांय बाल्मीकि रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर बैंड बाजो और डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर के भजन गाती चल रही थी । शोभायात्रा में सजाई गई करीब 10 मनोरम झांकियां सभी के आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी।

शहर के गोवर्धन गेट स्थित बाल्मीकि बस्ती के शेरा वाली माता रानी के मंदिर से शुरू हुई इस शोभा यात्रा में भगवान गणपति, माता काली, पवनसुत हनुमान, भगवान बम भोले, राम सीता लक्ष्मण, डॉ भीमराव अंबेडकर, सहित महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित झांकियां बग्गियों पर भव्य रोशनी के साथ सजाई गई थी। झांकियों के आगे बैंड और डीजे अपनी स्वर लहरिया बिखरते हुए चल रहे थे। सबसे आगे हाथों में वाल्मीकि सरकार लिखी हुई तख्तियां लिए हुए युवक महर्षि वाल्मीकि जिंदाबाद का जय घोष करते चल रहे थे। शहर में जगह-जगह शोभा यात्रा का शहर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## रेलवे की 4 मेगा परियोजनाओं को मिली मंजूरी, 86 लाख लोगों को मिलेगा फायदा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** रेलवे की चार बड़ी परियोजनाओं को केंद्र की मंजूरी मिल गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार (7 अक्टूबर) को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने इसको हरी झंडी दी, जिस पर करीब 24,634 करोड़ रुपये खर्च होंगे.

रेलवे की चार बड़ी परियोजनाओं को केंद्र की मंजूरी मिल गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार (7 अक्टूबर) को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने इसको हरी झंडी दी, जिस पर करीब 24,634 करोड़ रुपये खर्च होंगे.

ये चारों परियोजनाएं 18 जिलों में फैली होंगी, जिसका काम साल 2030- 2031 तक पूरा होने का अनुमान है. इस परियोजना से भारतीय रेल नेटवर्क में करीब 894 किलोमीटर की नई मल्टी-ट्रैक लाइन जुड़ जाएगी जिससे 3,600 से ज्यादा गांवों को फायदा होगा, जिनकी आबादी करीब 86 लाख है. इसमें दो आकांक्षी जिले विदिशा और राजनांदगांव भी शामिल हैं.

यह परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "आत्मनिर्भर भारत" और "न्यू इंडिया" के विजन का हिस्सा हैं, जो रोजगार देने के साथ विकास को बढ़ावा देंगी. इन सभी प्रोजेक्ट्स का निर्माण पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत किया जाएगा, जिसका मकसद मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक एफिशिएंसी बढ़ाना है ताकि लोगों और सामान का परिवहन आसान हो जाए. केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन परियोजनाओं से न सिर्फ रेल नेटवर्क का विस्तार होगा बल्कि ग्रामीण इलाकों में विकास, रोजगार और पर्यटन को भी रफ्तार मिलेगी।

### पीएम मोदी आज करेंगे नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वे महानगर वासियों को भूमिगत मेट्रो-3 एक्वा लाइन की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री 8 व 9 अक्तूबर को महाराष्ट्र में रहेंगे और इस दौरान कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक पीएम मोदी बुधवार को दोपहर 3 बजे नवी मुंबई पहुंचेगे जहां नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद 3:30 बजे हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री मुंबई में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## कारोबारी को जिम में घुसकर गोली मारी, हत्या के बाद फैली दहशत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मंगलवार सुबह शहर के स्टेशन रोड स्थित जिम में एक्सरसाइज कर रहे बाइक शोरूम मालिक रमेश रुलानिया (45) की अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। घायल रमेश को तुरंत जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस को संदेह है कि यह हत्या छह माह पहले मिली रंगदारी की धमकी से जुड़ी हो सकती है।

घटना मंगलवार सुबह पांच बजे के आसपास की बताई जा रही है। रमेश जिम में अपनी दैनिक कसरत कर रहे थे, तभी दो-तीन बाइक सवार संदिग्ध युवक जिम में घुसे और बिना किसी चेतावनी के उन पर फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बदमाशों ने कम से कम पांच-छह राउंड फायर किए, जिसमें दो गोलियां रमेश के सीने और पेट में लगीं। हमलावर मौके से फरार हो गए, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। रमेश रुलानिया कुचामन के प्रमुख व्यापारी थे। उनके पास शहर में होंडा बाइक शोरूम और हनुमानगढ़-किशनगढ़ मेगा हाईवे पर कुचामन बाइपास स्थित एक होटल था। वे भाजपा से भी जुड़े हुए थे और पार्टी के सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनकी हत्या ने राजनीतिक हलकों में भी बवाल मचा दिया है। जिला भाजपा अध्यक्ष ने इसे संगठित अपराध करार देते हुए तत्काल जांच की मांग की है।

### गैंग कनेक्शन की संभावना

व्यापारी रमेश रूलानिया को कुछ समय पहले ही रोहित गोदारा गैंग की ओर से धमकी मिली थी. पुलिस अब इस मामले की जांच गैंग कनेक्शन के एंगल से भी कर रही है. इससे पहले भी कुचामन के कई व्यापारियों से रोहित गोदारा गैंग की ओर से फिरौती मांगी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की इस घटना के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई. जिला अस्पताल और जिम के बाहर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए. लोगों ने सुबह-सुबह हुई वारदात पर आक्रोश जाहिर किया और पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

## हरियाणा के IPS अफसर वाई पूरन कुमार ने खुद को मारी गोली, चंडीगढ़ वाले घर में मिली लाश, IAS पत्नी जापान में



बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर मृत पाए गए हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी है। पूरन कुमार हरियाणा में एडीजीपी के पद पर थे। उनकी पत्नी अमनीत पी कुमार हरियाणा कैडर की आईएएस हैं। वह अभी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान में हैं। वाई पूरन कुमार का परिवार चंडीगढ़ के सेक्टर 11 में रहता है। जानकारी के मुताबिक वाई. पूरण कुमार ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से आत्महत्या की है। उन्होंने सोमवार को अपने गनमैन से बंदूक ली थी। उनकी बेटी को यह बंदूक बेसमेंट में मिली। सूत्रों की मानें वाई पूरन कुमार ने अपने घर के बेसमेंट में जाकर खुद को गोली मारी है। उनका बेसमेंट साउंडप्रूफ है जिसके चलते गोली चलने की आवाज बाहर नहीं आई। काफी देर बाद उनकी बेटी ने नीचे जाकर देखा तो पिता की लाश पड़ी थी और पास में रिवॉल्वर भी पड़ी थी।

# प्रवासी राजस्थानियों को निवेश का न्योता देंगे सीएम भजनलाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 8 अक्टूबर (बुधवार) को सूरत में आयोजित होने वाली 'प्रवासी राजस्थानी मीट' में गुजरात में रह रहे प्रवासी राजस्थानी समुदाय से मुलाकात करेंगे। इस दौरान शर्मा प्रमुख उद्यमियों एवं औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों को राजस्थान में निवेश करने और राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए आमंत्रित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी हिस्सा लेंगे। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के सहयोग से आयोजित किए जा रहे इस सम्मेलन से प्रवासी राजस्थानियों और प्रमुख उद्योगपतियों के साथ राज्य के



आपसी संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे। 'प्रवासी राजस्थानी मीट' के बाद, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल सूरत के फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स, सिरेमिक्स और पेट्रोकेमिकल्स सेक्टर्स के प्रतिनिधियों एवं उद्योगपतियों से मुलाकात करेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री सूरत में ही डायमंड बूअर्स का अवलोकन भी करेंगे। जयपुर में 10 दिसंबर को होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के मद्देनजर सूरत में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस श्रृंखला का पहला कार्यक्रम दो हफ्ते पहले हैदराबाद में आयोजित किया गया था। 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' का उद्देश्य राजस्थान की विकास यात्रा में 'कनेक्ट, कोलेबोरेट एंड कॉन्ट्रिब्यूट' के सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव को और मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने का फैसला किया है। राज्य सरकार के उद्योग विभाग और राजस्थान फाउंडेशन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रवासी राजस्थानी समुदाय से सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करना और उन्हें राज्य के विकास में सहभागी बनाना है।

### भद्रवाह में बर्फीले तूफान में फंसे 25 बकरवालों को सेना ने बचाया

बढ़ता राजस्थान

**भद्रवाह।** भद्रवाह स्थित 4 राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों ने पदरी गली, सतलाड, बिड्डी गली और गंजा-गोठ में बर्फीले तूफ़ान में फंसे 25 बकरवालों को बचाया। किश्तवाड़ के पाडर, मारवाह, दचन और वारवान क्षेत्रों के ऊंचे घास के मैदानों से भद्रवाह होते हुए कठुआ, जम्मू और सांबा जिलों की ओर अपने पारंपरिक मौसमी प्रवास पर निकले दर्जनों आदिवासी बकरवाल परिवार बेमौसमी बर्फबारी में फंस गए। हालांकि कई परिवार भद्रवाह घाटी के ऊंचे घास के मैदानों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने में कामयाब रहे, लेकिन उनमें से दर्जनों भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय सड़क पर बेमौसम बर्फबारी में फंस गए। जैसे ही खन्नी टॉप पोस्ट पर तैनात 4 राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों को बर्फ में फंसे बकरवालों के बारे में पता चला।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।